वर्ष : 18 अंक: 22 आगरा ● गुरुवार 27 मार्च 2025 ● पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.

उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

मुख्यमंत्री ने मुरैना में रोटरी क्लब के राहत स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

शासन की एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था सभी जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मुरैना,कासं.। मुख्यमंत्री द्वारा मुरैना जिले के एसएएफ ग्राउण्ड में आयोजित रोटरी राहत वृहद स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ रिबन काटकर किया गया। उसके पश्चात् मुख्यमंत्री द्वारा ओपीडी के सभी काउंटरों का भ्रमण कर चिकित्सकों एवं रोटेरियन के सदस्यों से मुलाकात की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एसएएफ ग्राउण्ड में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुये कहा कि इस तरह के बड़े आयोजनों की महत्ता इसलिये भी बढ़ जाती है, क्योंकि इन आयोजनों में मानवता का विचार निहित रहता है। कोई भी व्यक्ति अस्पताल में अपनी खुशी से नहीं आता है, परन्तु यदि उसे वहां व्यवस्थित रूप से इलाज मिल जाये तो डॉक्टर उसके लिये भगवान का रूप बन जाते है। उन्होंने कहा कि चम्बल की धरती वीरों की धरती है।यहां के ज्यादातर जवान देश के लिये लड़ते हुये वीर गति को प्राप्त हो गये एवं अपने जीवन को सार्थक कर गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव काया में कोई भी कष्ट हो जाये तो उसके लिये बड़ी चुनौती का विषय होता है। उन्होंने कहा इस वृहद शिविर में चंबल की चुनौती भरी गर्मी एवं समय के अभाव के चलते देश के बड़े चिकित्सक यहां इस बड़े आयोजन में 8 दिवस के लिये आमजन की सेवा हेतु पधारे, इसके लिये मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में, चिकित्सक बनने के बाद मानव भाव एवं विश्वास बनाये रखना एवं जनसामान्य की सेवा करना बहुत गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस शिविर की विशेषता यह है कि यहां पर सभी प्रकार की बीमारियों को अलग से विभाजित कर उनके इलाज के लिये प्रबंधन, आकड़ा तैयार करना एवं इलाज के लिये मार्गदर्शन देना बड़ी बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 हजार में से 3 हजार 381 गंभीर मरीजों को स्क्रीनिंग कर अलग करना एवं उनकी बीमारी के हिसाब से उनका इलाज करवाना बड़ी प्रशंसा की बात है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में हॉस्पीटल दो भागों में विभाजित होते थे, जिससे उनके प्रबंधन में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। परन्तु हमने सभी प्रकार के हॉस्पीटलों के लिये एक मंत्री को शपथ दिलवाई, जिससे इसका संचालन आसान हो गया है। हमारे सदैव कोशिश है कि अच्छे मेडीकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल और अच्छे हों एवं प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नाम अग्रणी रहे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख तक का इलाज जनता को मुफ्त मिलता है एवं 70 प्लस के लिये भी यह सुविधा उपलब्ध है। इसी के तहत प्रदेश की कठिन भौगोलिकता को देखते हुये आयुष्मान कार्ड के तहत गंभीर बीमारी के मरीज को त्वरित इलाज मिले, एवं उसकी जान बचाई जा सके, इसलिये हमने एयर एम्बूलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है।

मुरैना में आंखो की मशीन उपलब्ध कराने की घोषणा की

मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्बल की धरती वीरों की धरती

महापौर शारदा सोलंकी ने मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री द्वारा शिविर में आये चिकित्सकों का किया गया सम्मान

स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शिविर में आये चिकित्सकों का सम्मान किया गया। जिनमें कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. युगल मिश्रा नंदियाल, सीनियर प्रोफेसर एम्स दिल्ली डॉ. मीनू बाजपेयी, पदमश्री सम्मानित डॉ. निशित नायर, जबलपुर के ख्यातिप्राप्त डॉक्टर धीरावनी शामिल थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि राज्य शासन जिले के प्रशासन एवं रोटरी क्लब की मदद से यह वृहद शिविर का आयोजन किया गया। पुराने समय से अंचल में स्वास्थ्य सुविधायें इतनी अच्छी नहीं थी। मुरैना, श्योपुर एवं भिण्ड जिले को मिलाकर जहां 100 बिस्तरों की उपलब्धता थी वहां आज 600 बिस्तर का अस्पताल मौजूद है। अम्बाह, मुरैना में सीटी स्केन, एमआरआई जैसी महत्वपूर्ण सुविधायें उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मेरी हमेशा से कोशिश रही है कि मुरैना जिले में लोगों को गंभीर बीमारियों का इलाज उपलब्ध हो सके, यदि आवश्यकता पड़ती है तो बाहर ले जाने की भी सभी सुविधायें उनको उपलब्ध हो। परंतु गरीबी एवं पिछड़ेपन के कारण रोगी बाहर जाने में असमर्थ रहते है।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ग्वालियर श्री अशोक यादव, मुरैना-श्योपुर के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, रोटरी के पदाधिकारी श्री भूपेन्द्र जैन, पूर्व मंत्री श्री मुंशी लाल, श्री गिर्राज डण्डोतिया, पूर्व विधायक श्री रघुराज कंषाना, चंबल कमिश्नर श्री मनोज खत्री, डीआईजी श्री कुमार सौरभ, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, रोटरी के पदाधिकारी डॉ. संजीव बांदिल, डॉ. वीरेन्द्र गंगवाल सहित दिल्ली, हरियाणा, ग्वालियर, इंदौर से आये डॉक्टर्स और रोटरी मेडिकल मिशन में सहयोग कर रहे समस्त अधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और बड़ी संख्याओं में चंबल एवं ग्वालियर संभाग से स्वास्थ्य लाभ लेने आये लोग उपस्थित थे।

पत्रकार हैं लोकतंत्र के सच्चे सैनानी: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे सैनानी होते हैं। सरस्वती के साधक होने के साथ ही कड़ी मेहनत से सूचनाओं को आम जनों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुरैना जिला मुख्यालय पर पत्रकारों के त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा है कि पत्रकारों के हित में जो मांगें रखी गई हैं, उसके निराकरण के लिये शासन स्तर से एक कमेटी का गठन किया जायेगा। इस कमेटी में अधिकारियों को शामिल कर पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की सबसे जागरूक कौम है। पत्रकार साथी निरंतर कार्य कर महत्वपूर्ण सूचनाओं को आम जन तक पहुँचाने के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

कुणाल कामरा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कसा तंज

कहा:लोगों की कमाई लूटने साड़ी वाली दीदी आईं

नईदिल्ली ,एजेंसी। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी पर विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कमेंट किया है. उन्होंने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो को पोस्ट किया है. उन्होंने एक गाने के जरिए वित्त मंत्री को निर्मला ताई बुला डाला इसके साथ उनकी नीतियों पर सवाल उठाए। डेढ़ मिनट के वीडियो में कामरा ने व्यंग करते हुए कहा, आपका टैक्स का पैसे हो रहा है हवा हवाई. इन सड़कों की बर्बादी करने सरकार है आई. मेट्रो है इनके मन में खोद कर लें अंगड़ाई. ट्रैफिक बढ़ाने ये है आई, ब्रिजेस गिराने ये है आई. कहते हैं इसको तानाशाही. कामरा ने आगे गाते हुए कहा, देश में इतनी महंगाई सरकार के साथ है आई. लोगों की लूटने कमाई साड़ी वाली दीदी आई. सैलरी चुराने ये है आई. मिडिल क्लास दबाने ये है आई. पॉपकॉर्न खिलाने ये है आई. कहते हैं इसको निर्मला ताई।

इससे पहले मुंबई के खार स्थित यूनीकांटीनेटल होटल में कामरा ने पूर्व सीएम और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को गद्दार बताया था. उन पर हिंदी फिल्म दिल तो पागल के एक गाने की पैरोडी बनाई. इस कविता के वायरल होने के बाद शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने उसके स्टूडियो में जमकर तोड़फोड़ मचाई। कुणाल कामरा के बयान पर एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है. शिंदे ने कटाक्ष की तुलना किसी शख्स के खिलाफ बोलने की सुपारी लेने से की. उन्होंने कहा कि वे भी व्यंग्य को समझते हैं. मगर किसी के खिलाफ बोलते समय शिष्टाचार होना जरूरी है।

भाजपा नेता की हत्या के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग, 27 मार्च को रांची बंद का ऐलान

रांची,एजेंसी। रांची में बुधवार शाम करीब चार बजे स्थानीय भाजपा नेता और जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या के खिलाफ 27 मार्च को कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने शहर को बंद करने का ऐलान किया है। भारतीय जनता पार्टी, आजसू पार्टी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा और कांके महावीर मंडल ने विभिन्न वर्ग के लोगों से बंद का समर्थन करने की अपील की है। घटना के बाद सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए। उन्होंने शहर के कांके इलाके में जगह-जगह सड़क जाम कर दिया। लोग सड़क पर टायर जलाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। इस वजह से सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। कांके चौक पर तनाव को देखते हुए भारी तादाद में पुलिस बल की तैनाती की गई। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अनिल टाइगर की हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्तब्ध करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जहां न जनप्रतिनिधि सुरक्षित हैं और न ही आम नागरिक। अपराधी बेखौफ होकर जनप्रतिनिधियों पर हमला कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब पुलिस के अधिकारी जमीन का धंधा करेंगे और करवाएंगे, जमीन दलालों को संरक्षण देंगे तो ऐसी घटनाएं तो होंगी ही। इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

लोकसभा में बोले अमित शाह

दिल्ली के बाद अब पश्चिम बंगाल में भी खिलेगा कमल

नई दिल्ली,एजेंसी। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को बयान दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी कमल खिल गया है। दिल्ली बच गई थी, लेकिन अब आयुष्मान भारत दिल्ली में भी आ चुका है। अपने बयान में आगे उन्होंने पश्चिम बंगाल को लेकर इशारा करते हुए कहा कि अब केवल पश्चिम बंगाल बचा है, और चुनाव के बाद वहां भी कमल खिलेगा और आयुष्मान भारत पश्चिम बंगाल में भी आएगा।

त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक पर भी बोले शाह

दिल्ली और पश्चिम बंगाल पर बोलने के बाद अमिक शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पर अपना बयान दिया। उन्होंने लोकसभा में इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि सहकारिता का क्षेत्र देश के हर परिवार को जोड़ता है। उन्होंने बताया कि हर गांव में कोई न कोई सहकारी संस्था होती है, जो कृषि, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार से जुड़ी होती है और देश की प्रगति में योगदान करती है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के साथ आईपीएस-आईएएस व विधायक के घर सीबीआई की दबिश

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर और भिलाई स्थित निवास पर आज सुबह सीबीआई की टीम ने दबिश दी है. इसके अलावा उनके राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, आईपीएस शेख आरिफ आईपीएस आनंद छाबड़ा, आईपीएस अभिषेक पल्लव, पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, एडिशनल एसपी संजय ध्रुव, एडिशनल अभिषेक महेश्वरी, आईपीएस प्रशांत अग्रवाल और कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के ठिकानों पर भी सीबीआई ने छापेमारी की है.सूत्रों के मुताबिक, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेताओं और अधिकारियों के ठिकानों पर यह कार्रवाई महादेव सट्टा एप मामले से जुड़ी है. छत्तीसगढ़ सरकार ने अगस्त 2024 में महादेव बेटिंग ऐप घोटाले की जांच आधिकारिक तौर पर सीबीआई को सौंप दी थी. ईडी ने पिछले साल जनवरी में इस पूरे मामले की जांच शुरू की थी, जिसके बाद इसका जिम्मा एसीबी और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को भी सौंप दिया गया था। इस साल लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले 4 मार्च को एसीबी द्वारा दायर चार्जशीट में भूपेश बघेल को आरोपी बनाया गया था भूपेश बघेल के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 11 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी. कई अन्य भी आरोपी बनाए गए थे।

आचार्य धीरेंद्र शास्त्री बोले: भारत है हिंदू राष्ट्र...! औरंगजेब तोड़ता था, हनुमानजी के भक्त जोड़ते हैं

मेरठ,एजेंसी। मेरठ के जागृति विहार एक्सटेंशन में बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हनुमंत कथा सुनाई। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि संगत का प्रभाव सभी पर पड़ता है। मेरठ के हिंदू अपने कर्म के प्रति कट्टर हैं। धीरेंद्र शास्त्री बोले- भगवान को चाहोगे तो सब मिल जाएगा- दूसरे दिन एक लाख भक्त पहुंचे, रामभजन से शुरूआत हुई; जय श्रीराम के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। मेरठ के जाग्रति विहार एक्शटेंशन में चल रही हनुमत कथा का बुधवार को दूसरा दिन रहा। कथा सुनने के लिए एक लाख लोग पंडाल पहुंचे। कथा का शुभारंभ राम भजन से हुई। भजनों पर भक्त जमकर झूमे। पूरा पंडाल भगवान श्रीराम और बागेश्वर धाम के जयकारों से गूंज उठा।

भारत को हिंदू राष्ट बनाने की शुरुआत क्रांतिधरा मेरठ से होनी चाहिए। तभी यह आवाज दिल्ली और दिल्ली से देश भर में जाएगी। औरंगजेब तोड़ने का काम करता था,

उन्होंने कहा कि हिंदू हनुमानजी भक्त और जोड़ने वाले हैं। सभी को हनुमान और शिवभक्त बनाकर जाऊंगा। पांच दिवसीय कथा आरंभ होने से पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ और भगवान श्रीराम व भारत माता का जयघोष हुआ। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जोर जोर से कीर्तन करोगे तो अंदर का पाप बाहर आकर खत्म हो जाएगा। मेरठ वीरों की भूमि है। महादेव, मंशा देवी, पंचमुखी महादेव, बिल्वेश्वर महादेव मंदिर यहां हैं।

मेरठ के खेल उद्योग के साथ कैंची उद्योग का भी देश दुनिया में नाम है। कथा में सदा खुले रहो, खिले रहो, दिमाग को खाली रखो, व्यस्त रहो पर मस्त रहो। उन्होंने चीटियों का उदाहरण दिया। कहा गिलास से खारे पानी को खाली करो तभी मीठा जल गिलास में डाल पाओगे। हृदय से कुविचार बाहर निकालोगे तो मंगल हो जाएगा। हनुमानजी के पूजन में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल, नीरज मित्तल, पंडित संजय त्रिपाठी और गणेश अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में नीरज मित्तल ने आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को चांदी की गदा भेंट की।

जब तक जिंदगी रहेगी फुर्सत नहीं मिलेगी। काम से कुछ तो समय निकालो तो राम के दर्शन हो जाएंगे। उन्होंने भजन सुनाया 'कर ले प्रभु से प्यार, माया की नगरी है, जीवन न हो जाए बेकार, जग में अपना न कोई, माया के मीत सब, नाता न तुमसे जोड़ा, पैसों से प्रीत है।'

जस्टिस वर्मा के घर नोट मिलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका, जल्द सुनवाई की मांग

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर नोटों की गड्डियां मिलने से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता मैथ्यू नेदुम्पारा द्वारा दाखिल इस याचिका में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ता से सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से संपर्क करने को कहा है ताकि मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सके। याचिका में यह भी कहा गया है कि इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीन जजों की समिति बनाने का कोई औचित्य नहीं है और इसकी जांच पुलिस को करनी चाहिए। याचिका में न्यायपालिका के सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्रभावी और सार्थक कार्रवाई की जरूरत बताई गई है। इसके तहत सरकार को न्यायिक मानक और जवाबदेही विधेयक, 2010 को दोबारा लाने का निर्देश देने की मांग की गई है, जो पहले ही लैप्स हो चुका है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि न्यायपालिका में विश्वास बनाए रखने के लिए निष्पक्ष जांच तथा कड़े कदम उठाने की जरूरत है। इसके साथ ही यह मामला संसद से सड़क तक चर्चा का विषय बन गया है। खासकर विपक्ष के नेताओं ने इस मामले को काफी जोर-शोर से उठाया है, उनकी मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एस.एन. ढींगरा ने भी

प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर यह बरामदगी वास्तविक है, तो इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को एफआईआर दर्ज करने का आदेश देना चाहिए था। जस्टिस ढींगरा ने कहा, यह भ्रष्टाचार का एक ज्वलंत उदाहरण है। हमारी न्यायपालिका में कितना भ्रष्टाचार है, आप इसे इस मामले से समझ सकते हैं। इसके अलावा, कोई नहीं जानता कि और कितने जज हैं, जिनके पास ऐसी नकदी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जज होने का मतलब यह नहीं है कि वह कानून से ऊपर हैं। पुलिस को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और केवल उनका ट्रांसफर करना समस्या का हल नहीं है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवासीय बंगले में आग लगने से एक बड़ा खुलासा हुआ था। इस घटना ने न्यायिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया था। जज के घर से भारी मात्रा में नोटों की अधजली गड्डियों की बरामदगी हुई थी। इस घटना ने सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम को भी तत्काल कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। इस मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया गया।

कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

नईदिल्ली ,एजेंसी। कांग्रेस ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह पर सोनिया गांधी का अपमान करने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश की ओर से सौंपे गए नोटिस में कहा गया है कि यद्यपि अमित शाह ने उच्च सदन में अपने उत्तर के दौरान सोनिया गांधी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के पूर्व नियोजित उद्देश्य से उनके विरुद्ध निराधार आरोप लगाए हैं। जयराम ने पत्र राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को दिया है। राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम ने पत्र में लिखा, 25 मार्च को अमित शाह ने आपदा प्रबंधन विधेयक 2024 पर बहस का जवाब देते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष कांग्रेस के शासन में बना और पीएम केयर्स नरेंद्र मोदी एनडीए के शासन में बना।

अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम श्री राकेश गर्ग ने तीन दिवसीय समारोह के द्वितीय दिवस लाभार्थियों को किया लाभान्वित

अलीगढ़ ,कासं.। सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति पर आधारित केंद्र सरकार के 10 वर्ष और प्रदेश सरकार के 8 वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर कल्याण सिंह हैबिटैट सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय समारोह के द्वितीय दिवस माननीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लि कानपुर श्री राकेश गर्ग द्वारा मुख्य अतिथि एवं माननीय सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती मीना कुमारी द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। मुख्य अथिति श्री गर्ग ने परिसर में स्थापित विभागीय स्टॉलस एवं सूचना विभाग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अध्यक्ष ने अन्य माननीय जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियो के साथ दीप प्रज्वलन कर उत्तर प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर आधारित कार्यक्रमों का सुभारम्भ किया। माननीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के उत्कृष्ट 8 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इन 8 वर्षो में बहुत कुछ बदला है, ये सब कुछ यूं ही नहीं हो गया। दृढ़ इच्छाशक्ति, उत्कृष्ट योजनाएं एवं उनके धरातल पर सफल क्रियान्वयन से ये सब संभव हुआ है। पहले वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया होता था और अब वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, पहले उल्टा प्रदेश और अब उत्तम प्रदेश, वहले प्रति व्यक्ति आय 46 हजार और अब 01 लाख 26 हजार, फर्क साफ है। भारत अभी विश्व की 05 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और मोदी जी का संकल्प तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का है जिसमें उत्तर प्रदेश की महती भूमिका है। प्रदेश में अन्त्योदय से सर्वोदय के लक्ष्य को साकार किया जा रहा है। उन्होंने महिला शक्ति से आव्हान किया कि हाल ही आरम्भ हुई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में बिना गारंटी और बिना ब्याज का 05 लाख रूपये तक का ऋण लेकर स्वरोजगार स्थापित कर अपने को मजबूत करें।

सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती मीना कुमारी ने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने महिलाओं को केंद्र में रखते हुए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी समेत विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की भी बात बताई। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकत्रियों से आव्हान किया वह इन योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंदों को दिलाना सुनिश्चित करें। महानगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा ने कहा कि सेवा, सुरक्षा और संरक्षण सुशासन के वह आयाम हैं जो आमजन के साथ ही युवाओं, बेटियों, किसानों, व्यापारियों एवं उद्यमियों के लिए सकारात्मक माहौल प्रदान करते हैं। आज घर से बाहर निकलने पर किसी बेटी की मॉ चिंतित नहीं होती। सरकार का संकल्प है कि सभी को समान रूप से शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने पर स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला, मिशन जागृति सहित महिला सशक्तीकरण गोष्ठी का हुआ आयोजन

अलीगढ़ ,कासं.। सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति पर आधारित केंद्र सरकार के 10 वर्ष और प्रदेश सरकार के 8 वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर कल्याण सिंह हैबिटैट सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय समारोह के द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र में जिलास्तरीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला, मिशन जागृति सहित महिला सशक्तीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी मार्गदर्शन में और योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को बढ़ावा दिया गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ केवल एक अभिया नही नहीं संकल्प भी है, इससे न जाने कितनी बालिकाओं को दुनियां में जन्म लेने का अवसर मिला है। महिलाएं सशक्त और सुरक्षित हुई हैं। महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में सौंपी गई जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करती हैं। महिलाएं कन्या, नारी और मातृशक्ति तीनों रूपों में ही पूज्यनीय है। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं से आव्हान किया कि अपनी रूचि के अनुसार क्षेत्र का चयन कर उसमें आगे बढ़ें। एसपी क्राइम ममता कुरील ने कहा कि सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। 17 अप्रैल से 16 मई तक मिशन जागृति फेज-5 आरम्भ हो रहा है, जिसमें महिलाओं व बच्चों के साथ हो रहे अपराध, बंचित वर्ग को न्याय, पति-पत्नी के आपसी विवाद को परिवार परामर्श केंद्र से सुलझाना, नशामुक्ति, साइबर क्राइम समेत अन्य बिन्दुओं पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि अंजान नम्बरों की कॉल उठाने से बचें, अपने सोशल मीडिया एकाउंट में प्राइवेसी लगाएं और साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें। उन्होंने इसके साथ ही 1090, 1076 व 1098 जैसे आपातकालीन नम्बरों का भी आवश्यकतानुरूप उपयोग करने की बात कही। डायरेक्टर इग्नू डा0 अजयवर्धन आचार्य ने इग्नू द्वारा संचालित रोजगारपरक एवं कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के साथ प्रशिक्षण और कौशल विकास जरूरी है।

इग्नू को नैक ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त है और इसके कोर्स पूरे विश्व में मान्य हैं। उन्होंने महिलाओं व युवाओं से पर्यटन, आपदा प्रबंधन, उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, ज्योतिष व वास्तु समेत अन्य पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पीडी भाल चन्द त्रिपाठी ने मानसिक स्वास्थ्य पर बड़े की रोचक व सहज ढ़ंग से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्यायाम प्रशिक्षक सुशील कुमार ने बताया कि स्काउड गाइड केवल स्कूली छात्र-छात्राओं या अध्यापकों के लिए ही नहीं है। इसमें आमजन भी अपना ग्रुप बनाकर अपने मौहल्ले में आरम्भ कर सकते हैं। स्काउट गाइड विभिन्न आपदाओं के समय उपयोगी साबित होते हैं और जनहानि को बढ़ने से रोकते हैं। कार्यक्रम में कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालय नगर क्षेत्र की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं नारी शक्ति है तू, कवियत्री डा0 संगीता राज ने नारी तू नारायणी है की मंत्रमुग्ध प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सीडीपीओ आशा त्रिपाठी द्वारा विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीएसए राकेश कुमार सिंह, डीपीओ कृष्ण कान्त राय, जिला गाइड कैप्टन कुमकुम, समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुस्तक मेले में चार दिनों में 4478 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी पाठ्य सामग्री

ग्वालियर। मेला स्थित शिल्प बाजार में आयोजित हो रहे पुस्तक मेले में अब तक 4 हजार 478 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म खरीदी जा चुकी हैं। गत 22 मार्च को शुरू हुए सात दिवसीय पुस्तक मेले में हर दिन बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के लिये पाठ्य सामग्री खरीदने पहुँच रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार ने बताया कि पुस्तक मेले में पहले दिन यानि 22 मार्च को 303 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, 175 अभिभावकों द्वारा स्टेशनरी व 32 अभिभावकों द्वारा यूनीफॉर्म खरीदी गईं। इस प्रकार इस दिन 510 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी की। इसी तरह मेले के दूसरे दिन 620 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, 562 अभिभावकों द्वारा स्टेशनरी व 157 अभिभावकों द्वारा यूनीफॉर्म खरीदी गईं। इस प्रकार इस दिन 1359 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी की। पुस्तक मेले में तीसरे दिन 525 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, 556 अभिभावकों द्वारा स्टेशनरी व 125 अभिभावकों द्वारा यूनीफॉर्म खरीदी गईं। इस प्रकार इस दिन 1206 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी की। चौथे दिन 694 अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों के लिये पुस्तकें, 583 अभिभावकों द्वारा स्टेशनरी व 146 अभिभावकों द्वारा यूनीफॉर्म खरीदी गईं। इस प्रकार इस दिन 1423 अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये खरीदी की। इस प्रकार 22 मार्च से 25 मार्च तक 4 हजार 478 अभिभावक अपने बच्चों को पाठ्य सामग्री पुस्तक मेले से दिला चुके हैं।

ग्वालियर सेवा मित्र एप के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

ग्वालियर। ग्वालियर सेवा मित्र एप के माध्यम से आने वाली शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर तत्काल किया जाए। जिससे आम नागरिकों को सुविधा हो। इसके लिए कंट्रोल का भी गठन किया गया है। इसके माध्यम से कर्मचारी द्वारा संबंधित विभाग अधिकारी को एप पर आने वाली शिकायतों की सूचना भी दी जाएगी। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निर्देश दिए कि आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ग्वालियर द्वारा बनाए गए ग्वालियर सेवा मित्र एप को गूगल प्ले से डाउनलोड कर एवं क्यूआर कोड को स्कैन कर शहर के नागरिक स्वच्छता, सीवर, विद्युत एवं पेयजल से संबंधित शिकायतें डाल सकते हैं। जिनका निराकरण नगर निगम के संबंधित अधिकारियों द्वारा 24 घंटे के अंदर कराया जाएगा। इस एप पर आने वाली शिकायतों पर मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में श्री शुभम भदौरिया एवं कु. विनीता जैन उपस्थित रहकर प्रति दिवस एप ग्वालियर सेवा मित्र पर आने वाली शिकायतों के निराकरण हेतु शिकायतकर्ता से बात करना एवं शिकायत के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी से दूरभाष पर अवगत कराएगें। इस ऐप को आगामी समय में और अधिक विकसित कर निगम की सभी सेवाएं और सुविधाएं शहर के नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे एक एप माध्यम से ही निगम से संबंधित सभी कार्य आम नागरिक आसानी से पूर्ण कर सकें। इस एप को नीचे दी गई लिंक अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से भी खोला जा सकता है। निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एप पर आने वाली शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करायें। जिससे शहर के नागरिकों को एक अच्छी सुविधा मिल सके। लिंक https://play.google.com/store/apps/details?id=com.swifni&.nagarnigamswacch

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अल्प प्रवास पर ग्वालियर आगमन हुआ

विमानतल पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत

ग्वालियर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार को वायुमार्ग से अल्प प्रवास पर ग्वालियर आगमन हुआ। राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ ग्वालियर आए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर एक बजे विमान द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल महाराजपुरा पहुँचे और यहाँ से हैलीकॉप्टर द्वारा मुरैना के लिये प्रस्थान किया। मुरैना में आयोजित हुए विशाल स्वास्थ्य शिविर व श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपरान्ह लगभग 3.45 बजे वापस ग्वालियर एयर टर्मिनल पहुँचे और यहाँ से विमान द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विदाई दी। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी व श्री अभय चौधरी तथा सर्वश्री विनोद शर्मा, विनय जैन व दीपक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अमित सांघी, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी इस अवसर पर विमानतल पर उपस्थित थे।

पुस्तक मेले में देर से दुकान खोलने वाले पुस्तक विक्रेताओं के खिलाफ होगी कार्रवाई

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने पुस्तक मेले का निरीक्षण कर दुकानदारों को किया आगाह

ग्वालियर। पुस्तक मेले में जो दुकानदार निर्धारित समय पर अपनी दुकान नहीं खोलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। देर से दुकान खोलने पर यह माना जायेगा कि दुकानदार अभिभावकों से किताबों व स्टेशनरी इत्यादि की अधिक कीमत लेना चाहते हैं। यह बात कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बुधवार को पुस्तक मेले के निरीक्षण के दौरान संबंधित दुकानदारों को आगाह करते हुए कही। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कुछ दुकानदारों द्वारा देरी से दुकानें खोले जाने की शिकायत मिलने पर पुस्तक मेले का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने देरी से खुली दुकानों पर पहुँचकर दुकान संचालकों को आगाह किया कि आगे से ऐसी स्थिति न बने अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। शहर में जहां पर भी दुकान संचालित है वहाँ पर छापामार कार्रवाई कराई जायेगी। उन्होंने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी दुकान पर डिस्काउंट (छूट) की सूची अनिवार्यतः प्रदर्शित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्धारित डिस्काउंट न देने वाले पुस्तक विक्रेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। बुधवार को भी पुस्तक मेले में अच्छी रौनक रही। पुस्तक मेले में दुकानदारों ने किताबों, स्टेशनरी व ड्रेस पर छूट और बढ़ा दी है। यह जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ मेले में खरीददारी करने पहुँचे । पुस्तक मेले में बाजार में मिलने वाले सभी तरह के डिस्काउंट के अलावा किताबों पर 10 प्रतिशत तक, स्टेशनरी पर 15 से 20 प्रतिशत एवं यूनीफॉर्म पर 30 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। ज्ञात हो अभिभावकों को उनके बच्चों के लिये सस्ती दर पर किताबें, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म दिलाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा मेला स्थित शिल्प बाजार में सात दिवसीय पुस्तक मेला लगाया गया है। यह पुस्तक मेला 29 मार्च तक चलेगा।

बुक बैंक सेक्टर का भी लिया जायजा

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पुस्तक मेले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिये स्थापित किए गए बुक बैंक सेक्टर का भी जायजा लिया। इस सेक्टर में कक्षावार पुस्तकें दान में प्राप्त करने के लिये काउण्टर बनाए गए हैं। जिनमें जिले के अभिभावक उत्साहपूर्वक अपने बच्चों के पिछली कक्षाओं की किताबें दान देने आ रहे हैं।

यातायात में बाधक हाथ ठेलों का हटाया

ग्वालियर। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री सिंघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान के निर्देशन में शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत चिरवाई नाका चौराहा पर यातायात में बाधक हाथ ठेले वालों को हटाया जाकर, साथ ही सख्त हिदायत दी गई के उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जावे अन्यथा सामान जप्त कर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्रवाई मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव एवं दल (ग्रामीण) द्वारा की गई।

निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीश सिंह सिकरवार, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री सुनील चौहान, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही अन्य संबंधित अधिकारी एवं शासकीय सेवक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर संग्रहकों को निर्देशित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष पांच दिन शेष हैं सभी संबंधित गंभीरता से सम्पत्तिकर की वसूली कर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करें तथा यह भी निर्देश दिए कि जो कर संग्रहक वसूली में अभी भी लापरवाही कर रहे हैं, ऐसे 20 प्रतिशत से भी कम वसूली करने वाले कर संग्रहकों को निलंबित किया जाए तथा 30 प्रतिशत तक वसूली करने वाले कर संग्रहकों के वेतन आहरण पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही अन्य कम वसूली करने वालों के इंक्रीमेंट रोका जाए। इसके साथ ही नामांकन के प्रकरणों में विलंब को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय सीमा में नामांकन के प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि मार्च महीने में सात दिवस से अधिक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले सफाई कर्मियों की सेवा समाप्त करने का प्रस्ताव दें तथा जो अन्य सफाई कर्मी लापरवाह है उनके खिलाफ कढी कार्रवाई करें। इसके साथ ही अनुपस्थित रहने वाले प्रत्येक सफाई कर्मी को नोटिस जारी करें तथा उसका रिकॉर्ड मेंटेन करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए कि कई कचरा ट्रांसफर स्टेशन कई दिनों तक खराब रहते हैं संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कचरा ट्रांसफर स्टेशन सही रहें उनपर लगातार कार्य हो। भवन अनुज्ञा के प्रकरणों पर चर्चा करते हुए सिटी प्लानर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन अनुज्ञा के प्रकरण निर्धारित समय सीमा से अधिक समय तक लंबित न रहें। उन्हें निर्धारित समय सीमा में ही निराकृत करें। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए पिछले माह की सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर कार्यवाही नहीं होती है तो एल-2 पर कार्यवाही की जाएगी तथा यह भी निर्देश दिए कि एल-1 अधिकारी एवं एल-2 अधिकारी बिना अनुमति के बदले न जाऐं। उच्च न्यायालय में कंटेम्प्ट के मामलों की चर्चा करते हुए सभी मामलों में तत्काल जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित पर कार्यवाही किए जाने निर्देश दिए। इसके साथ ही जमीन आवंटन के मामलों में चर्चा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी जमीन आवंटन को लेकर गंभीरता से आवश्यक कार्यवाही करें और बैठक में भी पूरा डिटेल के साथ उपस्थित हों। समग्र आईडी की ई केवाईसी को लेकर चर्चा करते हुए नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ई केवाईसी के कार्य में कोई प्रगति नहीं आ रही है तथा इसमें संबंधित कर्मचारी द्वारा लापरवाही की जा रही है। इसे सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायें तथा आगामी बैठक में इसमें प्रगति दिखनी चाहिए। वहीं ग्रीष्मकालीन पेयजल योजना पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी में जल प्रदाय को लेकर क्या कार्ययोजना बनाई है उसको तत्काल प्रस्तुत करें तथा शहर में गर्मियों में कहीं भी जल समस्या न हो इसको लेकर गंभीरता से कार्यवाही करें।

मिशन वात्सल्य के तहत लैंगिक उत्पीड़न से बचाव व सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ग्वालियर। जिले के विकासखंड घाटीगांव के माधव विद्या मंदिर झण्डा का पुरा में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बुधवार को लैंगिक उत्पीड़न संबंधी बचाव सुरक्षा के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम एवं पर्यावरण पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला बाल विकास ग्वालियर द्वारा सपोर्ट पर्सन अरविंद कुशवाह के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रतिभागियों से विषय विशेषज्ञों ने कहा कि हमें अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए और अच्छी बातों को जीवन में उतारने का प्रयास भी करना चाहिए जिससे हमारे व्यक्तिगत विकास होता है । साथ ही कहा गया कि पर्यावरण हमारे लिए बहुत जरूरी है और हमें इसे बचा कर रखना होगा । इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को पोक्सो एक्ट और गुड टच बेड टच के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही जानकारी दी गई कि अगर कोई बच्चा परेशानी में है तो 1098 पर कॉल करके अपनी समस्या को बता सकता है और उसमें बच्चों का नाम गोपनीय रखा जाता है। कार्यक्रम में विद्युत वितरण कंपनी के श्री नरेन्द्र कुशवाह, प्राचार्य माधव विद्या मंदिर श्री मयूर गौतम, सफल युवा मंडल के उपाध्यक्ष श्री गोलू सिंह, सर्वश्री राहुल गुर्जर नेहा राजपूत शिवानी सिंह आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को टीम ग्वालियर की ओर से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने दी जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनायें

ग्वालियर। ग्वालियर आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्वालियर जिले की सम्पूर्ण प्रशासनिक टीम की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अमित सांघी, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह व नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जन्मदिन की स्मृति स्वरूप टीम ग्वालियर की ओर से कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सुंदर व आकर्षक मयूर जोड़े का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल भी उपस्थित थे।

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 20176/20175 आगरा कैण्ट-बनारस वन्दे भारत रेलगाड़ी के संचालन दिन में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी संख्या 20176/20175 आगरा कैण्ट-बनारस वन्दे भारत रेलगाड़ी के संचालन दिन में परिवर्तन

गाड़ी संख्या एवं नाम	वर्तमान संचालन का दिन	परिवर्तित संचालन का दिन	तिथि से प्रभावी
20176/20175 आगरा कैण्ट-बनारस वन्दे भारत एक्सप्रेस	सप्ताह में 6 दिन (शुक्रवार छोड़कर)	सप्ताह में 6 दिन (बुधवार छोड़कर)	26.05.2025 आगरा कैण्ट एवं बनारस से

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 541/25 (C)

उत्तर मध्य रेलवे

Letter No:- DRM/C/AGRA/NFR / E-AUCTION Dated:-24.03.2025

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक - आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

श्रेणी : Misc-Static-Services | केटलॉग संख्या : AGRA-NFR-25-01

एकेट्स डिटेल्स	ई निलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय	ई निलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय
आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के समीप ए.डी.आर.डी.ई. क्रासिंग ईदगाह पर जैसा-है-वैसा-है के आधार पर रेल कोच रेस्टोरेंट का ठेका	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:00	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:30
आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन के माध्यम से आउटवर्ड पार्सल को स्कैन करने के ठेके के संबंध में	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:10	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:40
आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई.वी.) चार्जिंग स्टेशन का ठेका	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:20	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:50
मथुरा जं रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई.वी.) चार्जिंग स्टेशन का ठेका	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:30	दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 12:00

नोटः- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 530/25(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

महाकुंभ में संतों ने समाज को जोड़ा: सीएम योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी ने आगरा में संतों की धर्म सभा को किया संबोधित, विरासत और विकास को जोड़ने की एक सेतु के रूप में संतों को आगे बढ़ना चाहिए- योगी, महाकुंभ के आयोजन से पूरी दुनिया में बजा सनातन का डंका : सीएम योगी, सनातन धर्म/ नाथ संप्रदाय का बनाया जाएगा एक म्यूजियम, हम कर रहे प्रयास

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में दिवंगत संत योगी सिद्धनाथ जी के शंखाढाल एवं भंडारा कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने राजा की मंडी स्थित प्राचीन दरिया नाथ मंदिर में पूजा- अर्चना भी की। सीएम योगी ने यहां संतों की धर्म सभा को संबोधित भी किया। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ के बाद संतों का सबसे बड़ा जमावड़ा आज ब्रज की भूमि पर हो रहा है। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता सभी ने देखी। यह संतों का आशीर्वाद था, उनका संकल्प था। पूरी देश और दुनिया ने देखा कि 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज पहुंचे थे। यह सनातन धर्म की ताकत है। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सनातन धर्म/ नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाया जाए। सीएम योगी आदित्यनाथ नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पूरे देश से आए 1000 से अधिक साधु- संत मौजूद रहे। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद राम मंदिर का बनना संभव हुआ है, तो देश के अन्य जगहों पर भी संभावना बनी हैं। अयोध्या में राम मंदिर का बनना और महाकुंभ का आयोजन, दोनों संतों के संकल्प से पूरा हुआ। पहले माना जाता था कि महाकुंभ का आयोजन केवल संतों का है। लेकिन, संतों ने पूरे भाव के साथ समाज को जोड़ने का काम किया तो देखते ही देखते 66 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का आंकड़ा पार कर गया। इनमें साधु- संत करीब 50 लाख थे। सीएम योगी ने कहा कि सनातन का दौर अब दुनिया के अंदर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि संतों की साधना की सिद्धि है। उनके संकल्पों का मूर्तरूप है। महाकुंभ के अवसर पर पूरे देश और दुनिया ने देखा है। 45 दिनों में 66 करोड़ों से अधिक संत और श्रद्धालुजन प्रयागराज आए। इतना बड़ा समागम दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ। ये ताकत सिर्फ सनातन धर्म में ही है। उसी सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए। भारत की संयुक्त परंपरा के प्रमुख पंत के रूप में नाथपंती का महत्वपूर्ण स्थान है। संतो को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों को संसार के उत्कर्ष के लिए कार्य करना होगा। विरासत और विकास को जोड़ने की एक सेतु के रूप में संत को आगे बढ़ना चाहिए, जो समाज को जोड़ सके, उसके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें।

सनातन सुरक्षित रहेगा, तो ही देश सुरक्षित रहेगा- योगी आदित्यनाथ

उन्होंने कहा कि सनातन सुरक्षित रहेगा, तो ही देश सुरक्षित रहेगा। उन्होंने साधु संतों से अपील की है कि आप किसी भी पंथ और संप्रदाय से जुड़े हुए हों, लेकिन राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने साधु- संतों से मोबाइल का उपयोग कम करने की भी सीख दी। कहा कि मोबाइल पर जो आपको दिखता है या सुनते हैं, वह जरूरी नहीं सच हो। ऐसे में साधु संतों को साधना में लीन होकर के समाज को एक करने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो आप अपने साधन से अर्जित करेंगे। जो लोक कल्याण का माध्यम आपको बना सके। जिसमें जनता जनार्दन का अपार श्रद्धा और सम्मान आपको प्राप्त हो। जो कुछ भी आपके पास है लोक कल्याण के लिए समर्पित करिए। राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित करिए और याद रखना हम सभी संतों को इस बात का स्मरण रखना होगा हमारा पंथ कोई भी हो, संप्रदाय हो भी कोई भी हो, मठ हो कोई भी उपासना विधि हो वह तब ही सुरक्षित है जब सनातन धर्म सुरक्षित है। जो कुछ भी हो सनातन धर्म के लिए समर्पण का भाव हो। देश की सुरक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सनातन धर्म/ नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाया जाए। अपने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले योगी सिद्धनाथ जी उस परंपरा के योगी थे।

सीएम योगी ने प्राचीन भैरव नाथ मंदिर में किया दर्शन- पूजन

धर्मसभा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले राजा की मंडी स्थित दरिया नाथ मंदिर में स्थित शिव मंदिर के दर्शन किए। उसके बाद दरिया नाथ मंदिर परिसर में स्थित 500 साल पुराना प्राचीन भैरव नाथ मंदिर में पुष्प अर्पित कर दर्शन- पूजन किया। सीएम योगी ने समाधि स्थल के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए और उसके बाद सीएम योगी ने धूनी स्थल में चल रहे यज्ञ में आहुति दी। उन्होंने मंदिर परिसर में साधु- संतों के साथ भोजन प्रसादी भी ग्रहण की। इस दौरान उन्होंने आगरा मंडल के नाथ संप्रदाय के मंदिरों की जानकारी ली और उनके जीर्णोद्धार के लिए साधु- संतों से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि यह हमारी धरोहर है हमें इनका संरक्षण कर संजोकर रखने की जरूरत है। इस अवसर पर पीठाधीश्वर बालकनाथ जी महाराज, बाबा दीदारनाथ जी महाराज, महंत, प्राचीन दरियानाथ मंदिर, आगरा, महंत पीर योगी शेषनाग जी महाराज, 12 के रमतो के महंत योगी कृष्ण नाथ जी महाराज, 18 के रमतो के महंत योगी समुंदरनाथ जी महाराज, संपूर्णानंद, प्रभारी आगरा हिंदु युवा वाहिनी, दानवीर सिंह परमार, जिलाध्यक्ष, हिंदु युवा वाहिनी, आगरा, रंजीत सिसौदिया, जिला उपाध्यक्ष, हिन्दू युवा वाहिनी, आगरा सहित हजारों साधु- संत उपस्थित रहे।

पुलिस की चीता बाइक चोरी : रात को गश्त कर रहे थे पुलिसकर्मी, आगरा किले के सामने से चोर चुरा ले गए

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। पुलिस को चोरों ने चुनौती दी है। रात में गश्त कर रही चीता पुलिस की बाइक को चोर चुरा कर ले गए हैं। बाइक चोरी हुए तीन हो गए। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी जब चीता बाइक नहीं मिली तब पुलिस की ओर से बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है।मामला आगरा के थाना रकाबगंज का है। रकाबगंज थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कौशलेंद्र सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर के अनुसार कौशलेंद्र व हेड कांस्टेबल गोविंदराम 22 मार्च की रात 8 बजे चीता मोबाइल यूपी 80 एजी 1378 अपाचे से गश्त कर रहे थे। रात करीब दो बजे जब वो गश्त करते हुए अमर सिंह गेट के पास पार्किंग में पहुंचे तो वहां उन्हें कुछ संदिग्धता लगी। वो बाइक को पर्यटन बूथ के सामने खड़ा करके पार्किंग के पीछे की तरफ पैदल चले ग। करीब 20 मिनट बाद जब वो वापस लौटकर आए तो उन्होंने देखा कि उनकी चीता बाइक वहां पर नहीं है। दोनों बाइक तलाशने की काफी कोशिश की, लेकिन बाइक नहीं मिली।

दो दिन बाद हुई एफआईआर

बाइक चोरी की घटना 22 मार्च की देर रात की है। पुलिस ने चोरी हुई बाइक को तलाशने की काफी कोशिश की सीसीटीवी चेक किए गए, लेकिन बाइक नहीं मिली। चोरी की घटना के दो दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई है।

गोल्ड लोन कंपनी के साथ बड़ा फॉडः मैनेजर समेत चार कर्मचारियों ने नकली गोल्ड पर दिया 87 लाख का लोन, 23 पर एफआईआर

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। गोल्ड लोन देने वाली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कर्मचारियों द्वारा नकली सोने को असली सोने में पास कर 87 लाख रुपए के 37 लोन पास कर दिए। बाद में जब गिरवी रखे गए आभूषणों की जांच की गई तो हकीकत का पता चला। इस मामले में कंपनी की ओर से 23 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है। आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीपुरम में केप्री ग्लोबल कैपीटल लिमिटेड कंपनी है। इसका हेड आफिस मुंबर्ड में है। कंपनी के रीजनल मैनेजनर अमरेश श्रीवास्तव ने एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके शास्त्रीपुरम शाखा में ग्राहकों के एक ग्रुप द्वारा अलग अलग दिनों में नकली सोने के आभूषणों को गिरवी रख कर लोन ले लिया। जब आभूषणों की गुणवत्ता की जांच की गई तो वो नकली निकले।

चार कर्मचारियों ने पास किया लोग

रीजनल मैनेजर ने बताया कि शाखा मैनेजर अजय प्रताप सिंह, रोहित उपाध्याय, अर्जित सिंह जादौन और हरी मोहन ने मिलकर इस फ्राड की साजिश रची। इनके द्वारा नकली सोने पर लोन देने के लिए 37 लोन खाते बनाए गए। इन खातों पर करीब 87 लाख रुपए का लोन पास कर दिया। कंपनी को इससे काफी नुकसान हुआ है।

23 लोगों पर एफआईआर

इस मामले में डीसीपी सिटी के आदेश के बाद शाखा प्रबंधक समेत 23 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें कपंनी के चार कर्मचारी है, बाकी ग्राहक हैं, जिनको नकली सोने के बदले लोन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

योगी सीएम हैं तो सुमन के घर हमले के दोषियों को दंडित करें-अखिलेश

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आगरा में मुख्यमंत्री के उपस्थित रहते हुए भी पीडीए के एक सांसद (रामजी लाल सुमन) के घर पर कुछ लोगों द्वारा की गई तोड़फोड़ पर सवाल उठाया है। सपा मुखिया ने कहा है कि योगी आदित्यनाथ अगर अब भी मुख्यमंत्री हैं तो दोषियों की पहचान कर उन्हें दंडित करें, नहीं तो यह मान लिया जाएगा कि पीडीए सांसद के खिलाफ ये सब उनकी अनुमति से हुआ है।आगरा में सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हुए बवाल पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा है कि हिंसक वारदात जब रोकी नहीं जा सकती है तो फिर जीरो ट?लरेंस तो जीरो होना ही है। उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री जी का प्रभाव क्षेत्र दिन पर दिन घट रहा है या फिर आउटगोइंग सीएम की अब कोई सुन नहीं रहा है। अगर वो अभी भी मुख्यमंत्री हैं तो तुरंत कार्रवाई करें और दोषियों की एआई से पहचान कर दंडित करें।इसके बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर एक और ट्वीट कर लिखा, समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है। हम कमजोर से कमजोर हर एक व्यक्ति को भी सम्मान दिलाना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य किसी इतिहास पुरुष का अपमान करना नहीं हो सकता।

राणा सांगा की वीरता पर सवाल नहीं

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगे लिखा है कि समाजवादी पार्टी मेवाड़ के राजा राणा सांगा की वीरता और राष्ट्रभक्ति पर सवाल नहीं कर रही। भाजपा ने इतिहास के कुछ विषयों को सदैव राजनीतिक लाभ उठाने के लिए और देश को धार्मिक व जातिगत आधार पर विभाजित करने के लिए इस्तेमाल किया है। हमारे सांसद (रामजी लाल सुमन) ने सिर्फ एक पक्षीय लिखे गये इतिहास और एक पक्षीय की गई व्याख्या का उदाहरण देने की कोशिश की है। हमारा कोई भी प्रयास राजपूत समाज या किसी अन्य समाज का अपमान करना नहीं है।

ऐतिहासिक घटनाओं पर लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती

सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज के समय में बीते कल यानि इतिहास की घटनाओं की व्याख्या नहीं की जा सकती। राज-काज के निर्णय अपने समय की परिस्थितियों की मांग के हिसाब से लिए जाते थे। इतिहास की घटनाओं के आधार पर आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती। भाजपा सरकार को अपनी भेदकारी आदत को सुधार कर जनता की रोजी-रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कुछ ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है।

रामजीलाल सुमन को फिर से चेतावनी नहीं छोड़ेगी करणी सेना: आगरा में करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष बोले जब तक तुम पिटोगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। सपा से राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर हमला करने के बाद करणी सेना ने फिर से चेतावनी दी है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने वीडियो जारी कर कहा है कि ÷जब तक तुम ÷पिटोगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं÷। सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। वहां जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर रखी 40 से 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। मेन गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने की भी कोशिश की। कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। 14 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

कार में बैठ बनाया है वीडियो

करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक सिकरवार ने कार में बैठकर वीडियो बनाया है। जिसे जारी किया गया है। वीडियो में विवेक सिकरवार कह रहे हैं कि करणी सैनिक शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने जा रहे थे। पुलिस प्रशासन ने उन पर लाठियां बरसाई। राणा सांगा के शरीर पर 80 घाव थे। करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर 10 15 घाव आ भी गए तो कोई बात नहीं। रामजीलाल सुमन आज तुम घर छोड़कर भाग गए। जब तक तुम पीटोगे नहीं तब तक करणी सेना तुम्हें छोड़ेगी नहीं। जय भवानी जय राजपुताना।

राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सांसद के घर हमला: करणी सेना ने सड़क पर खड़ी गाड़ियां तोड़ीं; पथराव में 14 पुलिसकर्मी घायल

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। वहां जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। सांसद के घर के बाहर रखीं 40 से 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। मेन गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने की भी कोशिश की। 14 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। बवाल के वक्त सांसद रामजीलाल सुमन दिल्ली में थे। जिस समय उनके घर हमला हुआ, वहां से 1 किमी दूरी पर सीएम योगी का कार्यक्रम चल रहा था।

बैरिकेडिंग तोड़ी, एक्सप्रेस वे से शहर में घुसे

करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। कार्यकर्ता जयश्री राम का नारा लगा रहे थे। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोकने की कोशिश की, लेकिन वे एक्सप्रेस वे से शहर के अंदर घुस गए। इधर, सुरक्षा को देखते हुए सपा सांसद की सोसाइटी के दोनों गेट बंद करा दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी घर से बाहर नहीं निकलेगा।

सपा और करणी सेना के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

करणी सेना के कार्यकर्ताओं के हंगामे को रोकने के लिए सपा कार्यकर्ता भी सांसद के घर पहुंच गए। उनकी करणी सेना

के कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया। हालांकि फिर भी हालात संभाल नहीं पाए। कई थानों की फोर्स पहुंची, तब जाकर पुलिस कार्यकर्ताओं को खदेड़ पाई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का पैर टूटा

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने एक्स पर लिखा, राणा सांगा जी के सम्मान में आज आगरा में इतिहास लिखा गया। पुलिस ने लाठीचार्ज की, मेरा पैर टूट गया है। वहीं, करणी सेना युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा सांसद रामजीलाल सुमन ने क्षत्रिय समाज के महापुरुष के खिलाफ ओछी बात कही है। हमारे महापुरुष और पूर्वजों को कोई भी गाली दे जाता है। सांसद के आवास की हर ईंट पर राणा सांगा लिखना है। इस बार हम माफ नहीं करेंगे। अगर माफी मांगनी है तो रुपवास में महाराणा सांगा के स्मारक पर नाक रगड़कर माफी मांगनी पड़ेगी। राजपूत और क्षत्रिय समाज एकजुट होकर दिखा दे कि कोई भी हमारे महापुरुषों के लिए कुछ बोलने से पहले सोचे। अखिलेश ने घटना पर एक्स पर पोस्ट लिखकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, हमारा उद्देश्य किसी इतिहास पुरुष का अपमान करना नहीं हो सकता। समाजवादी पार्टी मेवाड़ के राजा राणा सांगा की वीरता और राष्ट्रभशित पर कोई सवाल नहीं कर रही। सपा अध्यक्ष ने अपने सांसद का बचाव भी किया।

वीरू और राणा समेत दर्जन भर से अधिक घायल, इतने ही पुलिसकर्मी भी जख्मी

हरीपर्वत के इंसपेक्टर आलोक कुमार समेत दर्जन भर से अधिक पुलिसकर्मी भी हुए हैं घायल, सुमन समर्थक आठ लोगों को भी चोटें करणी सेना के अध्यक्ष वीर प्रताप ने एक्स पर लिखा- मेरा पैर टूट गया है पर आगरा में राणा सांगा के सम्मान में इतिहास रच गया

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर बुधवार को करणी सेना के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुए संघर्ष में एक तरफ जहां इंसपेक्टर हरीपर्वत समेत दर्जन भर पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, वहीं पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज में भी दर्जन भर से अधिक करणी सैनिक घायल हुए हैं। सुमन के आवास के बाहर बैठे उनके आठ समर्थक भी इस बवाल के दौरान घायल हुए हैं। इस प्रकार सभी पक्षों से लगभग 30 लोग घायल हैं। पुलिस द्वारा किये गये लाठी चार्ज में लखनऊ से आए करणी सेना के अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू और हरियाणा के करणी सेना नेता ओकेंद्र सिंह राणा को भी चोटें आई हैं। वीर प्रताप सिंह वीरू ने तो एक्स पर एक पोस्ट लिखकर खुद का पैर टूटने की जानकारी दी है। वीरू ने यह भी लिखा है कि राणा सांगा के सम्मान में आज आगरा में इतिहास रच गया।जानकार सूत्रों का कहना है कि इस बवाल में घायल हुए प्रदर्शनकारियों में से तमाम का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जिनमें कई करणी सैनिक लहूलुहान दिख रहे हैं। दरअसल सुमन के आवास के घेराव के ऐलान के बाद पुलिस ने आगरा के क्षत्रिय नेताओं को तो कुबेरपुर नहीं जाने दिया था, लेकिन इस विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए लखनऊ से करणी सेना के नेता वीर प्रताप सिंह वीरू और हरियाणा से करणी सेना के नेता ओकेंद्र सिंह राणा कुबेरपुर पहुंच चुके थे। विरोध के लिए जुटे आगरा के कार्यकर्ताओं को इन्हीं दोनों नेताओं का नेतृत्व मिल गया।इस बवाल के दौरान घायल और गिरफ्तार किये गये कार्यकर्ताओं के बारे में स्थानीय नेताओं को स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। जिन कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन स्थल से गिरफ्तार किया गया था, उनमें से 12 लोगों को हरीपर्वत थाने से एत्मादुद्दौला थाने में शिफ्ट कर दिया गया था जबकि कुछ लोगों को ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी पर रखा गया है।

करणी सेना उपाध्यक्ष ने दी चेतावनी

इधर करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक सिकरवार ने एक वीडियो जारी कर सांसद रामजीलाल सुमन को फिर से चेतावनी दी है। सिकरवार ने कहा है कि आज तो घर छोड़कर भाग गये। जब तक पीट नहीं लेंगे, करणी सेना तुम्हें नहीं छोड़ेगी। विवेक सिकरवार ने यह भी कहा कि राणा सांगा को युद्ध में 80 घाव आए थे। करणी सैनिकों को 15-20 आ भी गये तो कोई बात नहीं। सिकरवार ने करणी सैनिकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज को निंदनीय बताया है।

शिक्षामित्र को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत: बेटे के साथ एक्टिवा पर जा रहे थे, परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। शमशाबाद कस्बा में देर शाम एक भयानक सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर ने रौंद दिया, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने सड़क पर शव को रोड़ पर रखकर जाम लगा दिया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस जाम लगा रहे ग्रामीण और परिजनों को समझाने के प्रयास में जुटी हुई है। तो वहीं शिक्षामित्र की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। शिक्षामित्र एक्टिवा से अपने बेटे के साथ था, हादसे के दौरान बेटा सड़क किनारे गिरा और शिक्षामित्र ट्रैक्टर ट्राली के पहिए के नीचे आ गया। जिसके चलते उसकी जान चली गई। मृतक की पत्नी भी गंभीर बीमारी से ग्रसित है, हादसे के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

हम नहीं निकलेंगे घर से बाहर: आगरा में सपा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के पड़ोसी दहशत में

आगरा। सपा से राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर करणी सेना के हमले के बाद कालोनी वाले डरे हुए हैं। घटना के 1 घंटे बाद भी वे अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। दरवाजों के अंदर से झांक रहे हैं। बुधवार को करणी सेना ने राणा सांगा पर रामजी लाल सुमन के बयान बाद घर पर हमला किया। बुलडोजर लेकर पहुंच गए। सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने रामजी लाल सुमन के घर को घेर लिया। पत्थरबाजी की। पुलिस पर भी हमला कर दिया। कई पुलिस वाले भी घायल हो गए हैं। रामजी लाल सुमन के घर के पास खड़ी गाड़ियां तोड़ दीं। इस घटना के कालोनी वाले दहशत में हैं। वे घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

नहीं निकल पाऊंगी घर से

रामजी लाल सुमन के सामने वाले घर में पहुंची। बेल बजाने पर एक महिला ने दरवाजा खोला। बोलीं कि मैं बाहर नहीं आ पाऊंगी। बोलीं कि सिर्फ हल्के की आवाजें आ रही थीं। हम डर गए थे। बहू और पोता भी घर पर है। मेरी तबीयत खराब रहती है। इसी ब्लॉक में रहने वाले एक व्यक्ति ने नाम बताने से मना कर दिया। बोले हम बाहर नहीं आएंगे। हमारी गाड़ी सुरक्षित है। हमें नहीं पता कि किसकी गाड़ी टूटी।

8 से ज्यादा टूटी हैं गाड़ियां

कॉलोनी में रामजी लाल सुमन के घर पास खड़ी लगभग 8 गाड़ियां टूट गई हैं। शीशे टूटे पड़े हैं। कुर्सियां टूटी पड़ी हैं। किसी की चप्पल है, किसी का खून से सना रुमाल गिरा हुआ है। कॉलोनी वाले घरों से बाहर झांकने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहे हैं। दरवाजे के अंदर से ही पूछ रहे हैं कि क्या अब सब शांत है।

संपादकीय

खालिस्तानी गतिविधियों पर अंकुश लगाएं

यह संयोग मात्र है कि भारत ने न्यूजीलैंड और अमेरिका, दोनों से साफ तौर पर कहा कि वे अपने देश में भारत विरोधी विशेषकर खालिस्तानी आतंकी समूहों पर लगाम लगाएं। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात के बाद उनके देश में चलाए जा रही भारत विरोधी गतिविधियों से अवगत कराया। दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ बातचीत के दौरान अमेरिका में सक्रिया खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) की भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। लोगों को याद होगा कि इन दिनें अमेरिका में हिन्दू मंदिरों पर लगातार हमले हुए हैं जिनमें एसएफजे का हाथ बताया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की और एसएफजे को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। अभी पिछले सप्ताह पंजाब के अमृतसर में ठाकुरद्वारा मंदिर पर ग्रेनेड से हमला किया गया था। पंजाब में नवम्बर, 2023 से अब तक यह 13वीं आतंकी घटना है। कुछ शरारती तत्व यहां अलगाववाद और उग्रवाद को फिर से जीवित करने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जाहिर है कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक ताना-बाना को खतरा पैदा हो सकता है। इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि विदेशी ताकतें इन उग्रवादी समूहों को लॉजिस्टिक मदद मुहैया कराती हैं। कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन में सिख फॉर जस्टिस काफी सक्रिय है। पंजाब में हाल के दिनों में जो आतंकी घटनाएं हुई हैं, उनकी जांच के बाद जो तथ्य सामने आए हैं, उनके आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि इनका संबंधी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स और बब्बर खालसा से है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तुलसी गबार्ड को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा के साथ सिख फॉर जस्टिस के कनेक्शन की भी जानकारी दी। सबसे अच्छी बात यह है कि पंजाब की छुट-पुट आतंकी घटनाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा और गंभीरता से लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोनों देशों से स्पष्ट कहा है कि अपने यहां खालिस्तानी' गतिविधियों पर अंकुश लगाएं।

शिष्टाचार पुलिस क्या बला है?

अजीत द्विवेदी

पुलिस और शिष्टाचार आमतौर पर एक दूसरे के विपर्यय यानी एक दूसरे के विपरीत अर्थ वाले माने जाते हैं। तभी जब भी पुलिस सुधारों की बात होती है तो सबसे पहले पुलिसकर्मियों को शिष्टाचार का प्रशिक्षण देने की बात कही जाती है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक रहे प्रकाश सिंह ने भी अपनी सिफारिशों में यह बात कही है तो देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने कई इंटरव्यू में इस पर जोर दिया कि पुलिस को आधुनिक तकनीक व हथियारों का प्रशिक्षण देने के साथ साथ सार्वजनिक जीवन में आम नागरिकों के साथ सभ्य और सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण भी देना चाहिए। दुनिया के सभ्य व विकसित देशों में नागरिक पुलिस को दोस्त मानते हैं तभी वहां अभिभावक अपने बच्चों को किसी भी संकट की स्थिति में पुलिस के पास जाने की सलाह देते हैं, जबकि भारत में भले लोग यज्ञ, हवन आदि कराते हैं कि पुलिस से पाला न पड़े। अभिभावक अपने बच्चों को पुलिस से दूर रहने की सलाह देते हैं। कुल मिला कर स्थिति यह है कि पुलिस की मौजूदगी आमतौर पर लोगों को सुरक्षा का अहसास नहीं कराती है, बल्कि भय और असुरक्षा का भाव पैदा करती है।

तभी दिल्ली में 'एंटी ईव टीजिंग स्क्वॉड' का गठन और उसका नाम 'शिष्टाचार स्क्वॉड' रखने का दिल्ली सरकार का फैसला बहुत दिलचस्प जान पड़ता है। यह मानने में कोई हिचक नहीं है कि यह फैसला राजनीतिक है और राजनीतिक कारणों से किया गया है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया, जिसका घोषित मकसद तो महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना था लेकिन असल में लव जिहाद के अपने चुनावी एजेंडे को ध्यान में रख कर राज्य सरकार ने यह फैसला किया था। राजधानी दिल्ली में सीधे तौर पर लव जिहाद रोकने के लिए किसी एंटी रोमियो स्क्वॉड के गठन की बात नहीं की जा सकती थी इसलिए महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ और अपराध को रोकने के लिए 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बनाने की घोषणा हुई है।

ऐसा लग रहा है कि यह स्क्वॉड शिष्टाचार की बजाय नैतिकता पुलिस के तौर पर काम करेगी। इससे लड़कियां और महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी या नहीं यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन युवा जोड़े इनसे आशंकित जरूर रहेंगे। बजरंग दल के कार्यकर्ता वेलेंटाइन डे वगैरह पर जो काम अनधिकृत रूप से करते हैं उसी से मिलता जुलता काम यह स्क्वॉड सालों भर अधिकृत रूप से करेगा। यह भाजपा की नई राज्य सरकार का एजेंडा इसलिए भी लग रहा है क्योंकि आम आदमी पार्टी की 10 साल की सरकार के समय भी तो पुलिस केंद्र की भाजपा सरकार के पास ही थी। तब इस तरह का स्क्वॉड बनाने की जरुरत क्यों नहीं महसूस की गई थी?

ऐसा मानने का आधार यह भी है कि अगर दिल्ली सरकार चाहती है कि वह महिलाओं को सुरक्षित रखे भी और सुरक्षित महसूस भी कराए तो उसके लिए अलग से किसी पुलिस फोर्स की जरुरत नहीं है। सामान्य पुलिसिंग को चाक चौबंद करके ऐसा किया जा सकता है। महिलाओं के साथ अपराध की जो शिकायतें पुलिस के पास पहुंचती है उन शिकायतों को तत्काल दर्ज किया जाए और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तो अपने आप महिलाओं के प्रति अपराध में कमी आएगी। ऐसे ही महिलाओं के खिलाफ अपराध के जो मामले पहले से दर्ज हैं अगर पुलिस उन मामलों में जल्दी से जल्दी सजा करा देती है तो उससे भी अपराधियों में खौफ बनेगा। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं के साथ उतने अपराध नहीं होते, जितने घरों में, परिचितों की मौजूदगी में, स्कूल व कॉलेजों में या कार्यस्थलों पर होते हैं। वहां न तो पुलिस मौजूद रह सकती है और न 'शिष्टाचार स्क्वॉड' के लोग मौजूद रहेंगे। इसलिए महिलाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना होगा कि वे झिझक छोड़ कर या पुलिस का डर छोड़ कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उनमें यह भरोसा स्थापित करना होगा कि थानों में उनके साथ बदसलूकी नहीं होगी या उनकी कमजोरी का फायदा नहीं उठाया जाएगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी शिकायत पर पुलिस ईमानदारी से और त्वरित कार्रवाई करेगी। यह सुनिश्चित करने की बजाय सरकार 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बना रही है, जबकि यह काम सामान्य पुलिसिंग के जरिए हो सकता है।

महिलाओं के साथ छेड़छाड़ या उनके प्रति अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए इस तरह के दिखावे की जरुरत नहीं है, बल्कि व्यापक और समग्र योजना बनाने की जरुरत है। इसमें महिला थानों व महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाना एक उपाय है। पुलिसकर्मियों को नागरिकों और खास कर महिलाओं के साथ सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण देना दूसरा उपाय है।

शब्द सामर्थ्य -364

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 363 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू- दोकू क्र. 364

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 363 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3	8	2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7

राशिफल

मेष आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की आपको सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जाएगी। आज आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

वृषभ आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आप जिस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह आज मिलेगा। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। मनोबल और आत्मविश्वास बनाये रखने से ही कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। प्रभावशाली लोगों से अच्छे ताल मेल बनेंगे। आज अचानक धनलाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज यात्रा के सुखद परिणाम हासिल हो सकते हैं।

मिथुन आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको किसी से भी उलझने से बचना चाहिए, ताकि आप अपना मन काम में लगा सकें। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी। आपका काम बेहतर ढंग से पूरा होगा। दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है, जीवनसाथी प्रसन्न होने की वजह देंगे।

कर्क आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है। आज आप नये प्लान पर काम कर सकते हैं, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा। लवमेट एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

सिंह आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सफल होंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं। आज बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको फायदा हो सकता है। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज सेहत के मामले में सब बेहतर रहेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे होंगे। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ रिश्ते में मजबूती आएगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनीति में आपकी छवि मजबूत बनेगी, ज्यादा लोग आपसे जुड़ेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि लेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा, किसी भी मौके को हाथ से न जाने दें। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नवविवाहित आज कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से वो आसानी से पूरा हो जाएगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा। किसी सामाजिक समारोह में आपकी भागीदारी होगी।

धनु आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे हो सकते हैं। दिनभर के कामों से आलस्य महसूस होगा परन्तु आप मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे। वकील वर्ग के लिए आज का दिन धन लाभ कराने वाला रहेगा।

मकर आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपके सारे काम असानी से पूरें हो जाएंगें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, साथ में घूमने जाएंगे।

कुंभ आज का दिन आपके लिए स्पेशल होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा। स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में बिजी रहेंगे। आज शाम का समय अपने परिवार के साथ मस्ती में बिताएंगे। जीवनसाथी के साथ अपने मन की बात शेयर करेंगे।

मीन आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। जो काम जरूरी नहीं है, उन कामों में अपना समय बर्बाद न करके रुका हुआ काम फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उतने ही बढ़िया नतीजे मिलेंगे। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा।

चुनाव से पहले एजेंडे की तलाश में पार्टियां

अजीत द्विवेदी

इस साल के अंत में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है और अगले साल मई में पांच राज्यों, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव होगा। इन छह राज्यों के चुनावों की तैयारियां अभी से हो रही हैं। सभी पार्टियों ने कमर कस ली है और अभी से एजेंडा तय हो रहा है। बिहार चुनाव सात महीने बाद हैं लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में डेरा डालने की बात कह कर चुनाव की तैयारियों का आभास करा दिया है। इन छह राज्यों के चुनाव से पहले एक बड़ा सवाल यह है कि क्या कहीं भी राज्य सरकारों के कामकाज के आधार पर चुनाव होगा या विपक्षी पार्टियां विकास का मुद्दा उठा कर, राज्य सरकार की विफलता गिना कर, उसे कठघरे में खड़ा करके चुनाव लड़ेंगी? ये सवाल इसलिए है क्योंकि सभी छह राज्यों में चुनाव की जो तैयारी चल रही है या जो एजेंडे तय किए जा रहे हैं वे सामान्य राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं। उसमें विकास का मुद्दा नदारद है, सरकारों के कामकाज या उसकी सफलता-विफलता का मुद्दा गायब है और भावनात्मक मुद्दे हावी हैं।

सबसे पहले बिहार की बात करें तोज

सबसे पहले बिहार की बात करें तो वहां पिछले 20 साल से जनता दल यू के नेतृत्व वाली सरकार है। नीतीश कुमार ने खुद करीब 19 साल तक सरकार का नेतृत्व किया है और नौ महीने के लिए उनके प्रॉक्सी के तौर पर उनकी पार्टी के जीतन राम मांझी मुख्यमंत्री रहे थे। इन 20 वर्षों में करीब साढ़े तीन साल राष्ट्रीय जनता दल के साथ उन्होंने सरकार चलाई और करीब दो साल अकेले चलाई। बाकी साढ़े 14 साल भाजपा के साथ उनकी सरकार चली है। लेकिन चुनाव में उनकी 20 साल की उपलब्धियों का कहीं जिक्र नहीं है। एनडीए में शामिल सभी घटक दल चाहे वह जनता दल यू हो या भाजपा या बाकी छोटी पार्टियां हों सब इस आधार पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं कि बिहार के लोगों को लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के कथित जंगल राज की याद दिलानी है, लोगों को जंगल राज का भय दिखाना है, उनको डराना है और लालू प्रसाद के परिवार को सत्ता में आने से रोकने के नाम पर वोट का ध्रुवीकरण कराना है। अगर कोई कसर रहती है तो भाजपा के नेता सांप्रदायिक भाषणों से उसे पूरा करेंगे। भाजपा के एक विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने इस बार होली के दिन मुसलमानों को घर में ही बंद रहने की सलाह देकर संकेत दे दिया है कि आगे किस तरह की राजनीति होने वाली है।

नीतीश सरकार के कामकाज पर सवाल

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जरूर नीतीश सरकार के कामकाज पर सवाल उठा रहे हैं लेकिन वह औपचारिकता भर है। उनका भी फोकस जाति का ध्रुवीकरण कराने पर है। वे मुस्लिम, यादव के अपने पिता के बनाए माई समीकरण में मुकेश सहनी के सहारे मल्लाह और कांग्रेस के सहारे कुछ दलित व सवर्ण वोट जोड़ने की कोशिश में हैं। उनका मुख्य चुनावी एजेंडा नीतीश कुमार की मानसिक सेहत और आरक्षण की सीमा बढ़ाने पर लगाई गई अदालती रोक है। वे एनडीए को आरक्षण चोर बता कर चुनावी लड़ाई की तैयारी में हैं। अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनावों हैं उनमें तमिलनाडु ने चुनाव तैयारियों और एजेंडा तय करने की सबसे पहले शुरुआत की है। एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके लग नहीं रहा है कि सरकार के पांच साल के कामकाज पर चुनाव लड़ेगी।

विश्व को नया आकार देने वाले भू-राजनीतिक रुझानों से निपटना

अमिताभ कांत

ट्रम्प प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है। ट्रम्प प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा हैजिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अमेरिका ने पेरिस समझौते वविश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं। यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जाएगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है औरहम एक बार फिर एक बहुध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं। विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा।

वैश्वीकरण का विखंडन

जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज़ कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा कियाऔर इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज़्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ़ बिक्री की वस?तुओं के बारे में नहीं रह गए हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। फ्रेंड-शोरिंग का उदय और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने का लक्ष्य भारत के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। हम सही नीतियों, रणनीतिक द्विपक्षीय व्यापार सौदों और व्यापार सुगमता पर ध्यान केंद्रित करके विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं।

प्रौद्योगिकी: वैश्विक शक्ति के लिए युद्ध का मैदान

प्रथम औद्योगिक क्रांति से लेकर चौथी तक वैश्विक शक्ति गतिशीलता को आकार देने में प्रौद्योगिकी प्रमुख प्रेरक शक्ति रही है। आज के युग में, सेमीकंडेक?टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट्र तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए चिप निर्माण में अरबों रुपए डाल रहे हैं। एआईमें देशों और कंपनियों से समान रूप से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। साथ ही, साइबर युद्ध और एआईद्वारा उत्पन्न जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। साइबर युद्ध पूरे ऊर्जा ग्रिड को बाधित कर सकता है या भुगतान और बैंकिंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है। एआईद्वारा संचालित भ्रामक सूचना चुनावों को बाधित कर सकते हैं और सामाजिक कलह को जन्म दे सकते हैं। एआईको दुनिया भर के समुदायों द्वारा आकार दिया जाना चाहिए, स्वामित्व में लिया जाना चाहिए और तैनात किया जाना चाहिए। हमें कुशलता से नवाचार करना चाहिए, कम से कम में अधिक करना चाहिए, ओपन सोर्स और सरल इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना चाहिए और बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल बनाना चाहिए। वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, नुकसान को सीमित करते हुए समावेशी हो। भारत मॉडल, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाजन को बढ़ाने के बजाय उसे पाटने के लिए किया जाता है, दुनिया के लिए एक आदर्श हो सकता है।

ऊर्जा की भू-राजनीति और ऊर्जा परिवर्तन

स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव शक्ति गतिशीलता को फिर से परिभाषित कर रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों (लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ मृदा तत्वों) से समृद्ध राष्ट्र या इन महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने वाले देश अधिक प्रभावशाली बन रहे हैं। आज, लगभग 70-80प्रतिशतदुर्लभ मृदा तत्वों(आरईई) निष्कर्षण और प्रसंस्करण चीन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दुनिया के 80 प्रतिशतसौर सेल चीन द्वारा उत्पादित किए जाते हैंऔर इसी तरह लगभग 70 प्रतिशतइलेक्ट्रिक वाहन बैटरी भी चीन द्वारा उत्पादित की जाती हैं। चीन पहले से ही तकनीकी अपनाने के मामले में आगे है, ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका पेरिस समझौते से बाहर हो गया है और इसके बजाय वह जीवाश्म ईंधन विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

यह वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है। विकसित राष्ट्र पहले ही वैश्विक कार्बन बजट का 80 प्रतिशतहिस्सा खर्च कर चुके हैंऔर जी7 देशों से कोयले का चरणबद्ध तरीके से उन्मूलन अब 2030 के बजाय 2035 तक होगा। इसके अलावा, विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल हो रहे हैं।

इससे विकासशील देशों के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत कम जगह बचती है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर हमारी दौड़ को वैश्विक गठबंधनों के नए रूपों की आवश्यकता है। देशों को अगली पीढ़ी के सौर पैनल, इलेक्ट्रोलाइज़र और वैकल्पिक सेल केमिस्ट्री (एसीसी) बैटरी जैसी तकनीक पर सहयोग करना चाहिए। भारत को निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपने घरेलू इकोसिस्टम का निर्माण जारी रखना चाहिए। हमें प्रसंस्करण और शोधन के लिए क्षमताओं का विकास करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापार साझेदारी भी सुरक्षित करनी चाहिए।

बढ़ते वैश्विक संघर्ष के बीच ढहता वैश्विक शासन

ऐसे समय में जब वैश्विक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है, हमारे पास जो संरचनाएं हैं, वे विफल हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। वैश्विक तापमान पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस के सीमा को पार कर चुका है। ग्लोबल साउथ,अपने प्रतिनिधित्व और अपनी प्राथमिकताओं दोनों के मामले में हाशिये पर है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गतिरोध बना हुआ है, विश्व व्यापार संगठन में विवाद समाधान तंत्र का अभाव है और कॉप29बहुत जरूरी जलवायु वित्त पोषण प्रदान करने में विफल रहा है। यूक्रेन से लेकर गाजा और सूडान तक, दुनिया भर में संघर्ष बढ़ रहा है। जैसा कि पीएम मोदी ने बार-बार कहा है, जलवायु परिवर्तन, महामारी और वित्तीय अस्थिरता की आज की चुनौतियां राष्ट्रीय सीमाओं को नहीं देखती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि हम पुरानी संस्थाओं के साथ 21वीं सदी की चुनौतियों से नहीं लड़ सकते।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की

रीवा,कासं.। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में मूलभूत सुविधाओं के उद्देश्य से निर्माणाधीन कार्यों तथा अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों की समीक्षा की। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर तेजी से आगे बढ़ता हुआ शहर है। यहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता के उद्देश्य से तथा आगामी वर्षों में शहर की वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न आवश्यक कार्य कराये जा रहे हैं। शहर में मीठा पानी घर-घर तथा उपलब्ध हो इस लिए पानी की 12 टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि पाइपलाइन से सभी जगह मीठे पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो सके।

उसके साथ ही सीवर लाइन का कार्य भी प्रगति में है। स्थानीय राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने रीवा वायपास के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए बिजली के खंभे विस्थापित कर कार्य के प्रगति के निर्देश दिये। उन्होंने बेला-सिलपरा रिंग रोड के कार्य को गति देते की बात कही। शहर में आईटी पार्क निर्माण तथा केन्द्रीय लाइब्रेरी भवन का कार्य को तेजी से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने सर्किट हाउस के नवीन भवन तथा रिवरफ्रंट के दूसरे चरण के कार्य को 15 अप्रैल तक पूर्ण कर लेने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिये।

उन्होंने व्यंकट क्लब तथा पीडब्ल्यूडी भवन के निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की तथा कार्य को तेजी से करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा व्यवस्था तथा जल संरक्षण में जन भागीदारी सुनिश्चित करें : कमिश्नर

शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं पर विशेष ध्यान दें: कमिश्नर

रीवा,कासं.। कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संभागीय अधिकारी शामिल रहे। कमिश्नर ने कहा कि नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। सभी स्कूलों में एक अप्रैल को प्रवेशोत्सव मनाकर शाला जाने योग्य सभी बच्चों का शाला में प्रवेश कराएं। स्कूल चलें हम अभियान के तहत शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए जन सहयोग प्राप्त करें।

शालाओं में पाठ्य पुस्तक का शत-प्रतिशत वितरण 31 मार्च तक कराएं। सभी जिलों में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया है। इसमें अमृत सरोवर निर्माण, खेत तालाब निर्माण, पुरानी जल संरचनाओं के सुधार तथा जल संरक्षण के अन्य कार्य कराएं। इसकी तीन माह की कार्ययोजना बनाकर इसमें शामिल कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करें। शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा जल संरक्षण के कार्यों में जन भागीदारी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं करें। पंजीकृत किसानों का दो दिवस में शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक करने की सुविधा तत्काल शुरू करें। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत उचित मूल्य दुकानों को समय पर खाद्यान्न का आवंटन जारी करके खाद्यान्न की आपूर्ति करें। आवंटित खाद्यान्न का 30 मार्च तक शत-प्रतिशत वितरण कराएं। राशन कार्डधारियों के ई केवाईसी अपडेशन की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सभी जिले 31 मार्च तक शत-प्रतिशत ई केवाईसी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज दो साल से अधिक के सभी राजस्व प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। सीमांकन, बंटवारा तथा नामांतरण राजस्व अधिकारियों का मूल कार्य है। इस पर विशेष ध्यान दें। सीधी और मऊगंज जिले राजस्व प्रकरणों के निराकरण की रैंकिंग में बहुत नीचे हैं। नामांतरण और बंटवारा के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। साइबर तहसील राजस्व प्रकरणों के तत्काल निराकरण के लिए है। इसमें पटवारी प्रतिवेदन के लिए 10 दिन की समय सीमा है। इसका पालन न करने वाले पटवारियों पर कार्यवाही करें।

कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की सतत निगरानी करें। अभियान चलाकर खराब हैण्डपंपों का सुधार कराएं। आवश्यक होने पर सिंगल फेज मोटर हैण्डपंप में लगाकर पानी की आपूर्ति कराएं। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर कुपोषण पर नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा करें। कम पोषित बच्चों को औद्योगिक संस्थानों, समाजसेवियों एवं आमजनता के सहयोग से अतिरिक्त पोषण आहार वितरित कराएं। इसी तरह क्षय नियंत्रण अभियान के तहत चिन्हित क्षय रोगियों को निक्षय मित्र बनाकर 6 माह के लिए फूड बास्केट का वितरण कराएं।

सिकल सेल एनीमिया के चिन्हांकन के लिए लगातार जाँच शिविर आयोजित करें। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में गेंहू उपार्जन की तैयारियाँ पूरी हो गई हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज तथा मैहर जिले के कलेक्टर्स ने निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संभागीय बैठक के निर्णयों का पालन प्रतिवेदन दो दिवस में प्रस्तुत करंर: कमिश्नर

स्कूल चलें हम अभियान में हर बच्चे का शाला में प्रवेश कराएं : कमिश्नर

रीवा,कासं.। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित संभागीय बैठकों के निर्णयों पर पालन प्रतिवेदन दो दिवस में प्रस्तुत कर दें। विभिन्न विभागों में अभी भी 51 बिन्दुओं पर कार्यवाही शेष है। बैठक के निर्देशों पर समुचित निर्णय लेकर उसे पोर्टल पर दर्ज कराएं। नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से आरंभ हो रहा है। प्रथम दिवस सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव का समारोह पूर्वक आयोजन करें। स्कूल चलें हम अभियान के तहत हर बच्चे का शाला में प्रवेश कराएं। प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अपने गांव के आंगनवाड़ी केन्द्र जाकर शाला जाने योग्य बच्चों की सूची प्राप्त करें। इन बच्चों का शत-प्रतिशत शाला में प्रवेश कराएं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी परियोजना कार्यालयों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षक इन प्रशिक्षण में शामिल होकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों में सहभागी बनें। कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए समुचित प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। ऊर्जा विभाग, पीएचई विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग तथा जल संसाधन विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। अधीक्षण यंत्री पीएचई हैण्डपंप सुधार से संबंधित सभी शिकायतों का तीन दिवस में निराकरण सुनिश्चित करें। मुख्य अभियंता ऊर्जा भी बिजली की आपूर्ति तथा बिजली बिलों से संबंधित प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण करें। आवेदन पत्रों के बड़ी संख्या में लंबित रहने पर संभाग और जिलों की रैंकिंग में गिरावट आती है। सभी अधिकारी फरवरी माह तक रिटायर हुए शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण एक सप्ताह में पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। फरवरी माह में सेवानिवृत्त 137 कर्मचारियों में से अभी 54 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण प्राप्त नहीं हुए हैं।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा सेवायें, तथा मछली पालन विभाग की संयुक्त बैठकें संभाग के प्रत्येक जिले में विकासखण्ड स्तर पर आयोजित की जाएंगी। संयुक्त संचालक कृषि बैठकों के स्थान, तिथि तथा इनमें शामिल होने वाले कर्मचारियों की सूची के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण का पूरा कार्यक्रम तैयार कर प्रस्तुत करें। इसी तरह शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी प्रत्येक विकासखण्ड में शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। संयुक्त संचालक शिक्षा इसके लिए आवश्यक प्रबंध करें। प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल संभाग के सभी गांवों में आवास योजना तथा सौर ऊर्जा से बिजली आपूर्ति संबंधी कार्य तत्परता से करें। नवगठित मैहर और मऊगंज जिलों में ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र जारी करने में कठिनाई आ रही है। उपायुक्त ट्राइबल पोर्टल में आवश्यक सुधार कराकर नवगठित जिलों में भी ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था करें। अधीक्षण यंत्री पीएचई लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर संभाग के सभी बसाहटों में पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करें। पेंयजल के संबंध में बनाए गए कंट्रोल रूम में सूचना आने पर तत्परता से कार्यवाही करें। आगामी तीन महीनों के लिए प्रत्येक गांव और नगरीय निकाय में पेयजल की आपूर्ति के लिए कार्ययोजना तैयार कर लें। आपूर्ति नियंत्रक, महाप्रबंधक सहकारी बैंक तथा क्षेत्रीय संचालक नागरिक आपूर्ति निगम गेंहू उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था कराएं। धान उपार्जन के शेष बचे किसानों को दो दिवस में लंबित राशि का भुगतान कराएं। खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने तथा भण्डारण की सुविधा सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने 30 मार्च से आरंभ हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा अजय सिंह, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री 28 मार्च को सिंगल क्लिक से करेंगे अनुग्रह राशि का वितरण

रीवा,कासं.। श्रम विभाग के तहत संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राहियों को 28 मार्च को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य स्तरीय समारोह से सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में अनुग्रह राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम दोपहर तीन बजे से एनआईसी केन्द्र रीवा और मऊगंज में आरंभ होगा। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि सिंगल क्लिक के माध्यम से रीवा जिले के 485 हितग्राहियों एवं मऊगंज जिले के 194 हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी मऊगंज जिले के दो हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला और विकासखण्ड स्तर पर सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा।

खेल/व्यापार

संक्षिप्त समाचार

शेयर बाजार सपाट पर खुला, सेंसेक्स 67 अंक नीचे, निफ्टी 23,683 पर

मुंबई, एजेंसी। कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 67 अंकों की गिरावट के साथ 77,949.26 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.06 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23,683.30 पर खुला.आज के कारोबार के दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, मिंडा कॉर्पोरेशन, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन, सीमेंस इंडिया, ब्रेनबीज सॉल्यूशंस, टीवीएस मोटर कंपनी, इंडियन ओवरसीज बैंक, ज्योति लैब्स, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स, इंडिजीन, डीएलएफ, असाही इंडिया ग्लास, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर फोकस में रहेंगे. कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 32 अंकों की बढ़त के साथ 78,017.19 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.04 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23,668.65 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान निफ्टी पर अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि इंडसइंड बैंक, डॉ रेड्डीज लैब्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, श्रीराम फाइनेंस, बजाज ऑटो के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. आईटी को छोड़कर, ऑटो, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, ऑयल एंड गैस, पावर, पीएसयू बैंक, रियल्टी, टेलीकॉम सहित अन्य सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए. बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 1 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई.

ब्लॉक ने 931 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

मुंबई, एजेंसी। वित्तीय सेवा प्रदाता अमेरिकी टेक कंपनी ब्लॉक ने 931 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। यह छंटनी उसके स्टॉफ का लगभग 8 फीसदी हिस्सा है। कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैक डॉर्सी ने एक ईमेल में कर्मचारियों को यह जानकारी दी है। डॉर्सी ने कर्मचारियों को बताया कि मंगलवार को ब्लॉक कुछ संगठनात्मक बदलाव करेगा, जिसमें भूमिकाओं को समाप्त करना और उन देशों में परामर्श प्रक्रिया शुरू करना शामिल है, जहां इसकी आवश्यकता है। सूत्रों के अनुसार, ईमेल में डॉर्सी ने बताया कि ब्लॉक 3 श्रेणियों में भूमिकाओं में कटौती कर रहा है। पहली श्रेणी में 391 लोगों को रणनीति कारणों से हटाया जा रहा है। दूसरी और सबसे बड़ी श्रेणी में 460 कर्मचारियों को प्रदर्शन कारणों से हटाया है। इनकी रेटिंग कंपनी के आंतरिक प्रदर्शन ट्रैकिंग मेट्रिक्स पर नीचे है। तीसरी श्रेणी में 80 प्रबंधक हैं, जिन्हें ब्लॉक के पदानुक्रम को बराबर करने के लिए हटाया है। सूत्रों के अनुसार, डोर्सी ने यह भी कहा कि 193 प्रबंधकों को व्यक्तिगत योगदानकर्ता भूमिकाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है। ईमेल में इस बात से इनकार किया गया है कि छंटनी वित्तीय कारणों से या कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लाने के लिए की जा रही है। इसके बजाय, उन्होंने कहा कि ब्लॉक रणनीतिक जरूरतों को बदलने के कारण भूमिकाओं में कटौती कर स्तर को ऊपर उठाने और प्रदर्शन बेहतर करने पर काम कर रहा है।

बिकवाली बढ़ने से मारुति सुजुकी के शेयर में आई गिरावट

नईदिल्ली, एजेंसी। कार निर्माता मारुति सुजुकी के शेयरों में आज शुरुआती कारोबार में बिकवाली बढ़ने से गिरावट दर्ज हुई। यह कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए उसे वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2,966 करोड़ रुपये का आयकर आकलन का मसौदा प्राप्त होने की जानकारी के बाद हुआ है।इसको लेकर प्रबंधन ने कहा कि उसे इसके कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं दिखता है और वह विवाद समाधान पैनल के समक्ष आपत्ति दर्ज कराने की योजना बना रही है।भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने कहा कि उसे आयकर प्राधिकरण से वित्त वर्ष 2021-22 के लिए मसौदा मूल्यांकन आदेश प्राप्त हुआ है।

डेब्यू में चमके प्रियांश, श्रेयस-शशांक ने रखी जीत की नींव

डेथ ओवर्स में विशाक-अर्शदीप का कहर

अहमदाबाद,एजेंसी। डेथ ओवर्स में अर्शदीप सिंह और विजयकुमार विशक की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया है। मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने श्रेयस अय्यर और शशांक सिंह की 81* रनों की साझेदारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 243 रन बनाए। यह पंजाब का आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा टोटल है। पिछले सत्र में पंजाब ने केकेआर के खिलाफ 262/2 का स्कोर बनाया था। जवाब में गुजरात की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर सिर्फ 232 रन ही बना सकी।

गिल और सुदर्शन ने दिलाई अच्छी शुरुआत

244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शानदार शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। मैक्सवेल ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में गिल को प्रियांश आर्या के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 14 गेंदों में 33 रन बनाए।

विजयकुमार विशाक और अर्शदीप सिंह ने पलटा पासा

इसके बाद मोर्चा जोस बटलर और साई सुदर्शन ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों में 84 रनों की साझेदारी हुई, जिसे अर्शदीप सिंह ने तोड़ा। उन्होंने शतक की ओर बढ़ रहे सलामी बल्लेबाज सुदर्शन को 74 रन के निजी स्कोर पर रोका। इस मैच में बटलर ने 54, रदरफोर्ड ने 46, राहुल तेवतिया ने छह रन बनाए। वहीं, शाहरुख खान और अरशद खान क्रमशः छह और एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके जबकि मार्को यानसेन और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक सफलता मिली। इस दौरान विजयकुमार विशाक को भले ही कोई विकेट नहीं मिला लेकिन 19वें ओवर में उनकी घातक गेंदबाजी ने गुजरात की जीत की उम्मीदों को तोड़ दिया।

पंजाब के बल्लेबाजों ने मचाया धमाल

श्रेयस अय्यर और शशांक सिंह की 81* रनों की साझेदारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 244 रनों का लक्ष्य दिया। इस मैच में टीम की शुरुआत अच्छी हुई थी। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या के बीच पहले विकेट के लिए 28 रनों की साझेदारी हुई। कगिसो रबाडा ने विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन को अरशद खान के हाथों कैच कराया। वह पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोर्चा श्रेयस अय्यर और प्रियांश आर्य ने संभाला। दूसरे विकेट के लिए दोनों के बीच 21 गेंदों में 51 रनों की साझेदारी हुई।

डेब्यू मैच में चमके प्रियांश

24 वर्षीय बल्लेबाज प्रियांश आर्या शानदार फॉर्म में नजर आ रहे थे और अपने डेब्यू मैच में अर्धशतक के लिए तेजी से बढ़ रहे थे, लेकिन राशिद खान ने उन्हें साई सुदर्शन के हाथों कैच आउट करा दिया। वह 23 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 47 रन बनाने में कामयाब हुए।

श्रेयस अय्यर ने भी किया प्रभावित

श्रेयस अय्यर इस सत्र में पंजाब की कप्तानी संभाल रहे हैं। उन्होंने अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया और 42 गेंदों में 97 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने 230.95 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और नौ छक्के जड़े। इसी के साथ दाएं हाथ के बल्लेबाज ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह किसी भी टीम के लिए बतौर कप्तान डेब्यू करते हुए सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। इससे मामले में शीर्ष पर संजू सैमसन हैं। उन्होंने 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए बतौर कप्तान डेब्यू करते हुए पंजाब किंग्स के खिलाफ 119 रन बनाए थे। दूसरे स्थान पर मयंक अग्रवाल हैं, जिन्होंने 2021 में पंजाब किंग्स के लिए बतौर कप्तान अपने पहले मैच में 99* रन बनाए।

विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश पर भी है धोनी का प्रभाव, बताया किस तरह दबाव झेलने में मिलती है मदद

नई दिल्ली,एजेंसी। भारतीय टीम और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से खेल जगत के कई लोग प्रभावित होते रहे हैं और इस लिस्ट में विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का नाम भी शामिल है। गुकेश शतरंज बोर्ड पर शांत रवैये के लिए जाने जाते हैं और धोनी भी कैप्टन कूल के नाम से प्रसिद्ध हैं। 43 साल के धोनी फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश ने शतरंज में दबाव झेलने का श्रेय धोनी को दिया है।

धोनी के बड़े प्रशंसक हैं गुकेश

गुकेश विश्व कप विजेता कप्तान धोनी के बड़े प्रशंसक हैं और अब वह सीएसके के इस लीजेंड खिलाड़ी से जीवन के सबक सीख रहे हैं। गुकेश ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके साथ विशेष बातचीत की। गुकेश ने इस दौरान बताया कि किस तरह उन पर और उनके खेल पर धोनी का प्रभाव है। गुकेश ने कहा, धोनी के एक खिलाड़ी हैं जिनकी मैं हमेशा प्रशंसा करता हूं। कैसे वे किसी भी चीज पर प्रतिक्रिया नहीं करते। कैसे वे किसी भी परिस्थिति में शांति से सोचने में सक्षम हैं। सबसे ज्यादा दबाव वाले क्षणों में, वे शांति से सोचने में सक्षम हैं। मैं यह सब देखते हुए बड़ा हुआ हूं। मुझे लगा कि मुझे अपने खेल में भी इसे अपनाना चाहिए। गुकेश ने कहा, इस तरह से धोनी ने मुझे वाकई प्रेरित किया है। मैं चीजों पर ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं देता। मैं दबाव झेलने में भी सक्षम हूं। इस मामले में धोनी ने मेरे करियर में मेरी काफी मदद की है। न केवल एक प्रेरणा के रूप में बल्कि मेरे खेल में भी।

पिछले साल गुकेश ने डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले में गुकेश ने दबाव की स्थिति में शांत रहने का परिचय दिया था।

आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने फीफा प्रमुख इंफेंटिनो से की मुलाकात, ग्रीस में आईओसी सत्र के दौरान मिले

नई दिल्ली,एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने ग्रीस के कोस्टा नावरिनो में 144वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र के दौरान फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो से मुलाकात की।

इंफेंटिनो ने जय शाह के साथ मुलाकात की तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इंफेंटिनो ने पोस्ट में लिखा, आईसीसी के अध्यक्ष और शानदार प्रशासक जय शाह से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान भारत का दौरा करने के बाद मैं क्रिकेट के प्रति वहां के लोगों के अविश्वसनीय जुनून और खेल को आगे बढ़ाने के लिए जय शाह द्वारा किए गए शानदार काम से वाकिफ हूं। मैं आपके मिशन के लिए शुभकामनाएं देता हूं और क्रिकेट को और अधिक वैश्विक बनाने के लिए मिलकर काम करने और सहयोग करने के लिए तत्पर हूं। इस साल जनवरी में शाह ने आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक से लुसाने में मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने पर चर्चा हुई थी। बाक का कार्यकाल इस साल 23 जून में खत्म हो रहा है। उनकी जगह क्रिस्टी कोवेंट्री आईओसी की नई अध्यक्ष चुनी गई हैं।

आगामी त्यौहारों पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखें : डीएम

आयोजन स्थलों पर रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा, सड़कों को किया जाएगा गड्ढा मुक्त

व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए चिन्हित स्थलों पर निरंतर भ्रमणशील रहें अधिकारी

अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधिकारियों को किया तैनात

ललितपुर,ब्यूरो। आगामी माहों में पडने वाले त्यौहारों ईद-उल-फितर, चैत्र नवरात्रि, राम नवमी, श्रीमहावीर जंयती, श्रीहनुमान जंयती, बाबा साहब अम्बेडकर जंयती, गुड फ्राइडे तथा माह अप्रैल में पडने वाले विभिन्न त्यौहारों के दौरान जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं तथा सभ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि जनपद में 28 मार्च 2025 को रमजान माह का अंतिम जुमा, 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर, 06 अप्रैल 2025 को राम नवमी, 10 अप्रैल 2025 को श्रीमहावीर जंयती, 12 अप्रैल 2025 को श्रीहनुमान जंयती, 14 अप्रैल 2025 को बाबा साहब अम्बेडकर जयंती तथा 18 अप्रैल 2025 को गुड फ्राइडे तथा माह अप्रैल में विभिन्न त्यौहार मनाये जायेंगे। त्यौहारों के दौरान सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। ईद-उल-फितर को रमजान माह का आखिरी जुमा व 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर का त्यौहार परम्परागत तरीके से जनपद में मनाया जायेगा।

पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखे, शहरी क्षेत्र में मस्जिदों तथा ईदगाहों के आस-पास आवारा पशुओं का विचरण प्रतिबंधित रहेगा तथा उक्त त्यौहार के अवसर पर नगरीय क्षेत्र में विद्युत एवं जलापूर्ति अनवरत रूप से उपलब्ध कराने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। चौत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, चूना आदि डलवाया जाये एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के विवरण पर रोक लगायी जाये। उक्त त्यौहार के दृष्टिगत शहर में अण्डा, मास की दुकानें पूर्णतया बन्द रखी जाये। नवरात्रि में जबारे तालाब पर विसर्जन किये जाते है, तालाब पर सफाई व्यवस्था व पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि त्यौहारों के दृष्टिगत मेडीकल व पैरा मेडीकल स्टाफ की ड्यूटी लगायी जाये व एम्बुलेंस भी तैनात की जाये, जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को अनवरत पेयजल आपूर्ति व टैंकर आदि लगाये जाने के निर्देश दिये गए। आयोजन स्थलों व रास्तों में सफाई व्यवस्था हेतु अधिशासी अधिकारियों व पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करेंगे, अवैध मदिरा की बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। सड़कों पर गड्ढे पाये जाने पर तत्काल भरवायें, अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जाए, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखें, मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध छापामार अभियान चलाया जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा सम्बंधित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शान्ति समितियों की बैठक कर त्यौहार रजिस्टर का परीक्षण करते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों यथा बस स्टैण्ड पर सघन चैकिंग अभियान चलायें।

त्यौहार शान्ति एवं भाई चारे के साथ सम्पन्न हो सके। बैठक के दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय, ईओ नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बजरंग सेना का हुआ होली मिलन समारोह संपन्न

नव नियुक्त पदाधिकारियों और महिला मोर्चा का हुआ पुन- गठन

ललितपुर,ब्यूरो। बजरंग सेना संगठन का होली मिलन समारोह और नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह बजरंग सेना कार्यालय पर प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा और महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.दीपक पस्तोर ने व संचालन जिला महासचिव श्याम दीक्षित ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात श्रीहनुमान चालीसा के पाठ से हुई। सर्वप्रथम नव नियुक्त पदाधिकारियों का संगठन में स्वागत किया गया उन्हे भगवा पट्टी पहनाकर और माला पहनाकर प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर ने सदस्यता दिलाई। जिसमे रामाकांत दुबे को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। डा.अमित कौशिक को नगर सह प्रभारी बनाया गया। बहुत दिनों से भंग चल रही महिला मोर्चा की कार्यकारिणी को पुन- घोषित करते हुए प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर ने प्रतिभा को जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकारणी विस्तार करते हुए ममता तिवारी को जिला प्रभारी, राजकुमारी दुबे नगर अध्यक्ष, गीता पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छाया गोश्वामी जिला मंत्री, उर्मिला राजा जिला महासचिव, नीतू राजा बुंदेला नगर प्रभारी, बबिता दुबे नगर महामंत्री, निशा तिवारी जिला महासचिव को घोषित किया गया। प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी पदाधिकारियों को संगठन में लगातार कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के दिशा निर्देश दिए गए। डा.दीपक पस्तोर ने आगामी आने वाले हिंदू धर्म संस्कृति के पर्व और त्यौहार पर संगठन के सभी पदाधिकारियों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की बात रखी। जिला संयोजक खुशाल समैया ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को अपने पद की गरिमा के साथ हिंदुत्व के लिए कार्य करने और सभी सामाजिक धार्मिक मुद्दो पर कार्य करने की बात रखी। मुख्य रूप से जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी, जिला संयोजक खुशाल समैया, दीपक नायक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौम्यानंद तिवारी जिलाध्यक्ष धर्मरक्षा प्रकोष्ठ, श्याम दीक्षित जिला महासचिव, संजू सेन बुढ़वार जिला संगठन मंत्री,संजय सिंह लोधी जिला संगठन महामंत्री,दीपेश उपाध्याय जिला प्रचार प्रसार मंत्री,प्रथम रजक ग्राम पंचायत प्रभारी दावनी, छोटू नायक करमई बार ब्लॉक प्रभारी, ऋषि शुक्ला नगर प्रभारी,आदर्श दुबे पूर्व नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा,राधे गोश्वामी नगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा बीजेपी,रानू नामदेव, देवेंद्र कौशिक पत्रकार, शिवम अग्निहोत्री पत्रकार, अमित लखेरा पत्रकार, आशीष तिवारी पत्रकार, दिव्यांश शर्मा पत्रकार आदि सभी लोग मौजूद रहे। अंत में संजय सिंह लोधी ने आभार जताया।

सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू

ललितपुर,ब्यूरो। उ.प्र. सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 25 से 27 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जनपद में मा.कल्यान सिंह सभागार में प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपोज्जवलन कर किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने प्रभारी मन्त्री को समस्त योजनाओं एवं क्रियाकलापों से सम्बन्धित प्रदर्शनी एवं स्टॉलों को प्रदर्शन के बारे में अवगत कराया। सीडीओ के.के.पाण्डेय ने तीन दिवस आयोजित होने वाले कार्यक्रम का संक्षेप में वर्णन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के समस्त विभागों द्वारा 08 वर्षों में अर्जित की गई उपलब्धियों का प्रदर्शन फोटो गैलरी लगाई गई।

इस उपलक्ष्य में पंचायतीराज विभाग एवं मनरेगा की पूर्ण की योजनाओं के लोकार्पण प्रभारी मंत्री ने किया।

प्रभारी मंत्री ने पंचायती राज विभाग के 7 करोड़ 83 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्य-ग्रामीण पुस्तकालय, आंगनवाड़ी कायाकल्प, जन सेवा केन्द्र, सोलर आटा चक्की, अन्त्येष्टि स्थल, प्लास्टिक वेस्ट प्रबन्धन इकाई, वेस्ट टू आर्ट पार्क, पंचायत लर्निंग सेन्टर, ओपन जिम, पंचायत भवन, बायोगैस संयंत्र, ग्रामीण हाट बाजार तथा मनरेगा एवं ग्राम निधि से 3 करोड़ 44 लाख की धनराशि से निर्मित पार्कों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेवारी मुख्य रूप से उपायुक्त मनरेगा, जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा की गई। समस्त जन-प्रतिनिधियों ने 08 वर्षों में अर्जित की गई उपलब्धियों और योजनाओं से समस्त प्रतिभागियों को सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर सभागार में विभिन्न कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

आयुष्मान कार्ड में फर्जी पिता का नाम दर्ज कराकर लाखों रुपये आहरित करने का आरोप

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष की तहरीर पर दर्ज हुयी एफआईआर

ललितपुर,ब्यूरो। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल नासिर मंसूरी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि आयुष्मान कार्ड पर पिता का नाम फर्जी दर्ज कराया गया है, जिसके निरस्तीकरण कराया जाकर एफआईआर दर्ज करायी गयी है। बताया कि मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना में रहने वाले इरशाद मंसूरी पुत्र दोस्त मुहम्मद (दतिया वाले) ने भारत सरकार के आयुष्मान कार्ड में अपने पिता का नाम दोस्त मुहम्मद के स्थान पर रहमद अली गलत व फर्जी डलवाकर एवं आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल किया है। बताया कि इरशाद मंसूरी द्वारा फर्जी तरीके से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2.50 लाख रुपये प्राप्त किया, जिसकी जांच 5 अक्टूबर 2024 में प्रचलित है। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड पर प्राप्त किया, लेकिन इसमें पिता का नाम फर्जी दर्शाया गया है। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड में जन्म तिथि 1974 के स्थान पर 1986 अंकित करायी गयी है।

आयुष्मान कार्ड की फैमली आईडी संख्या के अंतिम चार अंक 0047 में हेड शकीला, जूही, मुबीना, राहीद सदस्य दिये गये हैं, जबकि यह सभी इरशाद मंसूरी के परिवार के नहीं हैं। इससे स्पष्ट किया कि किसी अन्य का आधार कार्ड पर एडिटिंग कर यह कार्य किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास में व आयुष्मान कार्ड में 253 सागर रोड रावतयाना एवं आधार कार्ड में वार्ड नं. 14 आजादपुरा दर्शाया गया है, जबकि वह आजादपुरा में कभी निवासरत नहीं रहा। संभावनाएं व्यक्त की कि इरशाद मंसूरी ने आयुष्मान कार्ड से कुछ रुपये भी आहरित किये हैं, जो कि जांच का विषय है। बताया कि इरशाद मंसूरी पूर्व में दो-तीन दिन जेल में रहा। न्यायालय से आरोप तय हो गया है, गवाही में वाद चल रहा है। इसके अलावा बड़ा आरोप है कि इरशाद मंसूरी का पुत्र भी सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी करने पर जेल जा चुका है और मुचलके पर रिहा है। मांग उठायी कि इरशाद मंसूरी के खिलाफ आयुष्मान कार्ड को फर्जी तरीके से बनवाने पर एफआईआर दर्ज कराने, आयुष्मान कार्ड को तत्काल निरस्त करने और जो रुपये आहरित किये गये हैं, उनकी वसूली कराया जाये। पुलिस ने पूरे प्रकरण में इरशाद मंसूरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

संक्षिप्त समाचार

नवरात्रि में दर्शनार्थियों के लिए डोंगरगढ़ में रूकेगी 10 एक्सप्रेस ट्रेन

रायपुर, कासं.। 30 अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्री के लिए डोंगरगढ़ में मां बमलेश्वरी का दरबार सज चुका है। वहीं यहां प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आने वाले हैं। इसे देखते हुए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रेलवे की ओर से यहां कई यात्री ट्रेनों के अस्थाई ठहराव की सुविधा दी है। रेलवे द्वारा 30 मार्च से 6 अप्रैल तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी स्टॉपेज डोंगरगढ़ में देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, दो लोकल ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है, जिससे श्रद्धालु आसानी से अपनी यात्रा पूरी कर सकें। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल ने गाड़ी संख्या 20843/20844 ङ्क बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस, बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, बिलासपुर-मद्रास एक्सप्रेस, बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस और अन्य प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनें को ठहराव दिया गया है। वहीं लोकल ट्रेनों का विस्तार भी किया है जिसमे डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ लोकल को अब रायपुर तक बढ़ाया गया है। रायपुर-डोंगरगढ़ लोकल को अब गोंदिया तक विस्तारित किया गया है। बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी।

भगवान झूलेलाल महोत्सव एवं बाइक रैली का आयोजन 27 को

रायपुर, कासं.। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय झूलेलाल महोत्सव समिति एवं सर्व सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल महोत्सव का आयोजन एवं बाइक रैली 27 मार्च को निकाली जाएगी। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में समिति के संस्थापक सदस्य प्रशांत राज गावरी एवं आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में सचदेव एवं प्रशांत ने बताया कि उक्त आयोजन में पैराशूट शो के जरिए दीप प्रज्ज्वल किया जाएगा। बाइक रैली झूलेलाल मंदिर लाखेनगर से लिली चौक, लोहार चौक, बूढ़ापारा, वाईट हाउस , काली मंदिर आकाशवाणी होते हुए कटोरा तालाब स्थित झूलेलाल सरोवर में समाप्त होगी। मुख्य आयोजन 30 मार्च को होगा। 30 मार्च के आयोजन में भव्य आतिशबाजी, भजन-कीर्तन, गीत-संगीत का रंगारंग आयोजन किया गया है। भगवान झूलेलाल की 56 फीट प्रतिमा शोभायात्रा में केनाल रोड होते हुए तेलीबांधा झूलेलाल मंदिर में समाप्त होगी।

महुआ शराब अवैध रूप से बेचने वाले दो गिरफ्तार

रायपुर, कासं.। दिनांक 25.03.25 को नव पदस्थ थाना प्रभारी भखारा उपनिरी0 उमाकांत तिवारी द्वारा अपने थाना स्टॉफकी अलग-अलग टीम बनाकर जिसमें महिला स्टॉफको साथ लेकर मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपिया रामेश्वरी देशलहरे पति सोनउ राम उम्र 49 वर्ष सा0 कोपेडीह के कब्जे से कुल 22 लीटर इसी प्रकार आरोपी रमेश कुमार बंजारे पिता दशरथ बंजारे उम्र 32 वर्ष सा0 कोपेडीह के कब्जे से कुल 20 लीटर हाथ भट्टी से बना महुआ शराब को अवैध रूप से शराब रखकर बिकी करने की सुचना पर रेड कार्यवाही किया।

छठवें दिन जारी रहा धरना प्रदर्शन

भ्रष्टाचार के मामलों में गहन जांच की फिर उठायी मांग

ललितपुर,ब्यूरो। भूमि संरक्षण विभाग विभाग द्वारा गरीब किसानों के हितों का शोषण कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसके विरोध में नागरिक विकास मोर्चा भारतीय हिंदू परिषद सहकार भारती द्वारा घंटाघर परिसर में धरना प्रदर्शन जारी है। कार्यकर्ताओं विभाग के जमकर नारेबाजी की धरना स्थल पर संबोधित करते हुए नागरिक मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा किसान समृद्धि योजना ग्राम चुनगी धन गोल रामपुरा कठवर विकास खंड तालबेहट फसलों में किसानों को लाभ ना देकर दलालों के खाते में 3500 रुपए प्रति कृषक का अनुदान दलालों के खातों से निकाल कर लाखों रुपए का गबन किया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जाने की मांग उठायी गयी। धरना स्थल पर पार्षद मनमोहन चौबे एड., हरपाल सिंह चंदेल, अवनीश कुमार सुलेरे, पार्षद अमरदीप रजक, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सच्चिदानंद गोलवानी, सोनू ताम्रकार, पत्रकार सुरेंद सिंह परमार, अभिषेक पत्रकार, शिवप्रताप सिंह, इसराख खान, अरविंद सेन, अनुज ठाकुर, सीताराम पटेल, घनश्याम आदि उपस्थित थे।

बीएसए से मुलाकात कर बतायी समस्यायें

ललितपुर,ब्यूरो। यूटा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की, जिसमे शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित वार्ता हुई। वार्ता में बीएसए ने शिक्षकों की समस्याओं का वहीं तुरत निस्तारण किया। इस दौरान जिला संयोजक सतीश रठानिया, जिलाध्यक्ष अनिल राठौर, महामंत्री प्रमोद तिवारी, उपाध्यक्ष नवीन सिंह, महिला उपाध्यक्ष गीता साहू, लेखाकार मयंक श्रीवास, संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र कुमार, ब्लाक उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, ब्लाक महामंत्री भीम कुमार, सह ब्लाक मंत्री विनोद अहिरवार, ब्लाक उपाध्यक्ष पीयूष दीवानकर, ब्लाक मंत्री डालचंद्र, ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, ब्लाक महामंत्री श्रीराम, ब्लाक संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा, ब्लाक मंत्री अभिषेक गुप्ता समेत अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे।

आईएएस डॉ. एस. भारतीदासन को उच्च शिक्षा विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर, कासं.। आईएएस डॉ. एस. भारतीदासन उच्च शिक्षा विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभालने जा रहे हैं. राज्य सरकार जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी कर सकती है. 2006 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी भारतीदासन, आईएएस आर. प्रसन्ना की जगह लेंगे, जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जा रहे हैं.भारतीदासन इससे पहले स्कूल शिक्षा और कृषि विभाग के सचिव रह चुके हैं. वे जनसंपर्क आयुक्त के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं. इसके अलावा, वे जांजगीर और रायपुर के कलेक्टर भी रह चुके हैं. कोविड महामारी के दौरान रायपुर कलेक्टर के रूप में उनके कार्यों की सराहना की गई थी. आईएएस भारतीदासन ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले अधिकारी माने जाते हैं।

पूर्ववर्ती सरकार में वे मुख्यमंत्री के सचिव भी रह चुके हैं, लेकिन वर्तमान सरकार में अब तक उनके पास कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं थी. वहीं आर. प्रसन्ना को केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है. प्रशासनिक सेवा में आने के बाद यह पहली बार है जब वे प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। केंद्र सरकार में उन्हें पांच साल की पोस्टिंग मिली है।

26 लाख की 9 महिला ईनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा, कासं.। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब जवानों ने तेजी लाई है। जवानों द्वारा लगातार नक्सलियों के मांद में घुसकर उनका खात्मा कर रहे हैं। जवानों द्वारा की जा रही कार्रवाई से नक्सलियों में डर का माहौल पैदा हो गया है। नक्सली अब मुख्य धरा में लौट रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर से सुकमा में 9 इनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

भगवान महावीर जन्मकल्याण महोत्सव 2025

रावण, जयंती श्राविका, सुंदरी, माता सीता, माता अंजना के गेटअप में बच्चों-महिलाओं ने दी प्रस्तुति

रायपुर, कासं.। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को शहर में विभिन्न सेवा कार्य और स्पर्धा का आयोजन किया गया। सेवाकार्य के साथ स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सखी महिला मंडल ने जरूरतमंदों को जयपुर बांटा, आदिनाथ दिगम्बर जैन महिला मंडल ने बांटा तो अभिव्यक्ति में वीर शक्ति स्पर्धा का आयोजन किया गया।

अभिव्यक्ति में वीरः रावण, जयंती श्राविका, सुंदरी, माता सीता, माता अंजना के गेटअप में बच्चों-महिलाओं ने दी प्रस्तुति महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत जैन युवा महिला मंडल एवं गोल्ड ऐज क्लब के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को अभिव्यक्ति में वीर शक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिखाओ अपना टैलेंट, पाओ गिफ्ट रिटर्न के साथ पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर स्पर्धा का आयोजन हुआ। साथ ही प्रभु महावीर के शासनकाल और अन्य तीर्थंकरों के समय की घटनाओं का चित्रण किया गया।

एक प्रतियोगी ने जयंती श्राविका का अभिनय करते हुए प्रभु से प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान लिया, किसी ने मानतुंगाचार्य का अभिनय किया, तो कोई 16 सती बनी सुंदरीजी, सीताजी, अंजनाजी के रूप में दिखाई दी। वहीं, एक प्रतियोगी ने अरणक की माता के रूप में रूदन करते हुए अभिनय किया और किसी ने गड़बड़ सामायिक का स्वरूप समझाकर सबको हंसाया।

इसमें आठ विषयों का चयन किया था और प्रत्येक प्रतियोगी को केवल 3 मिनट का समय दिया गया, जिसमें बड़े और छोटे सभी आयु वर्ग के प्रतियोगियों ने अपनी अभिव्यक्तियों का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को ममता, आर्तध्यान, रोष (क्रोध), हास्य (कॉमेडी), विरह (वियोग), इमोशनल, प्रेम, वीरता के टॉपिक दिए गए थे।

म. प्र. शिक्षक संघ ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा

मुरैना,कांस। मध्य प्रदेश शिक्षक के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार के नेतृत्व में 26 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री मोहन यादव को मुरैना मैं आगमन के दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित सात सूत्रीय ज्ञापन समस्त शिक्षक साथियों के साथ मुख्यमंत्री को सोपा जिसमें प्रमुख रूप से प्राथमिक एवं माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग की तथा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों के समय सीमा में कोई भी कार्य नहीं किए जा रहे हैं तथा शिक्षकों के कार्य के प्रति वे उदासीन है, एनपीएस के स्थान पर ओ. पी .एस.देने की मांग की गई मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार शिक्षकों को क्रमन्नति नहीं दी गई तथा ना ही उनके एरिया का भुगतान किया गया कुछ शिक्षकों को आनन फानन क्रमोन्नति दी गई हैं जिससे वेतन विसंगतियां उत्पन्न हुई है शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित समय-समय पर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिए गए है किंतु उन्होंने आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की है अतः शिक्षक शिक्षक संघ की मांग के अनुसार ही कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जावे, केंद्रीय कर्मचारियों के सामान ही डीए दिया जावे, आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ शिक्षकों के शासन के आदेश अनुसार क्रमोन्नति के आदेश जारी हो चुके हैं किंतु मुरैना में क्रमोन्नति नहीं लगाई गई है अतः माननीय मुख्यमंत्री महोदय से उपरोक्त सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के ज्ञापन के माध्यम से की है इस अवसर पर प्रमुख रूप से.. प्रांतीय विधि प्रकोष्ठ प्रभारी श्यामबीर सिंह राठौड, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामवरन सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार, जिलासचिव राम अवतार सिंह सिकरवार, जगदीश शर्मा, जगमोहन ,विमलेश यादव , आदि कई शिक्षक उपस्थित रहे।

बिजली का बिल जमा न करने वालों के कनेक्शन विच्छेद किए

बानमोर। बिजली का बिल नहीं चुकाने वाले और चोरी की बिजली से घर रोशन करने वालों के के खिलाफ बिजली कंपनी की कार्रवाई सख्त हो गई है। बुधवार को बिजली कंपनी की टीम ने 25 लाख रुपए की बकाया राशि वाले दो दर्जन से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटते हुए उनसे उनसे मौके पर 10 लाख रुपए की वसूली की तथा विद्युत ट्रांसफार्मर से अवैध डोरी डालकर बिजली की चोरी रहे हैं चार लोगों के खिलाफ धारा 135 के तहत बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज कराया गया। बिजली कंपनी के एईअतुल रस्तोगी ने बताया कि शहर तथा ग्रामीण अंचल के लोगों पर बिजली कंपनी की करीब 20 करोड रुपए की बकाया राशि निकल रही है। जिसके लिए न्यायालय के आदेश से वे शीघ्र बड़ी बकायादार राशि वालों के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही करने जा रहे हैं। बिजली कंपनी की इस कार्यवाही में सहायक प्रबंधक संजीव श्रीवास्तव तथा लाइनमैन अशोक सिकरवार बनवारी कंसाना रवि प्रजापति रोमेश तथा चंदन सिंह की अहम भूमिका रही।

बजट 2025-26 निगम परिषद में स्वीकृत

बजट पर चर्चा बैठक में संशोधन प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत लिए निर्णय

ग्वालियर। नगर निगम परिषद में बजट पर चर्चा का आयोजन सभापति श्री मनोज सिह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें वर्ष 2025-26 के आय व्यय पत्रक में स्वीकृत किए गए संशोधनों को स्वीकार्य कर बजट 2025-26 निगम परिषद में स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु आसंदी से आदेशित किया गया। निगम परिषद में आयोजित बजट पर संशोधन प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान संशोधित प्रस्ताव 01 बजट पुस्तिका के पृष्ठ क्रमांक 3 पर सरल क्रमांक 1 के निवेश में आय एवं अर्जित ब्याज एवं अन्य ब्याज चर्चा कराये जाने बावत प्रस्ताव को वापिस लिया गया। बिंदु क्रमांक 02 जीएल कोड 1101101 एमपीएसएएम कोड 1101101000 में संशोधन लगाये जाने बावत प्रस्ताव को वापिस लिया गया। बिंदु कमांक 03 पृष्ठ क्रमांक 5, सरल क्रमांक 01 सम्पत्तिकर में संशोधन लगाये जाने बावत प्रस्ताव को वापिस लिया गया। बिंदु क्रमांक 01 जीएल कोड क्रमांक 1301050 दुकान अधिशुल्क (प्रीमियम) पेज क्रमांक 6 पर संशोधन चर्चा करने बावत प्रस्ताव को वापिस लिया गया। बिंदु क्रामंक 06 बजट पुस्तिका 2025-26 में संशोधन, सुझाव पृष्ठ क्रमांक 25 सामान्य प्रशासन विभाग जीएल कोड 2308081000 एमपीएम एएम कोड 2308081 प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत 60 लाख रूपये राशि बढ़ाये जाने हेतु स्वीकार्य किया गया। बिंदु क्रमांक 07 जीएल कोड 4107005 वर्तमान समय में नवीन स्ट्रीट लाइट क्रय हेतु कोई भी बजट प्रावधान नहीं है। जिसके कारण ग्रामीण विधानसभा के लिये लाइट क्रय नहीं की जा सकती है। इसलिये इस हेड में कम से कम 5 लाख प्रत्येक 6 वार्डों के हिसाब से 30 लाख या 50 लाख का प्रावधान किया जाना चाहिए। जिस पर चर्चा उपरांत 66वार्डों के लिए 01 करोड़ राशि की स्वीकृति दी गई। बिंदु क्रमांक 08 जीएल कोड 4123041 में बजट प्रावधान 7 करोड़ का है जो इस बजट सत्र में पूर्ण रूप से शहरी क्षेत्र के कार्यों में ही बुक था। ग्रामीण विधानसभा के किसी भी वार्ड पर मुख्य मार्गो पर लाइटों की व्यवस्था नहीं है। इसलिए इसे बढ़ाकर 8.50 करोड किया जाना उचित होगा। उक्त संशोधन प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत 66 वार्डों के लिए 8 करोड़ का प्रावधान किया जाना स्वीकार्य किया गया। बिंदु क्रमांक 9 जीए कोड 2305031 में पहले क्रय हेतु 60 लाख का प्रावधान था जिसे घटाकर 40 लाख कर दिये हैं। जबकि ग्रामीण विधानसभा में केवल मिल ही नहीं पाती पर चर्चा उपरांत 50 लाख रूपये का प्रावधान स्वीकार्य किया गया। बिंदु क्रमांक 10 बजट 2025-26 में संशोधन, सुझाव पृष्ठ क्रमांक 39 विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग जीएल कोड क्रमांक 23051002000 एमपीएस एएम कोड 2301002 पर सभापति श्री तोमर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि जहां भी आवश्यकता हो निगम हित में निर्णय लें। बिंदु क्रमांक 11 जीएल कोड क्रमांक 2304003 किराया व्यय अन्य वाहन, संयंत्र, मशीनरी आदि पर संशोधन करने बावत। चर्चा उपरांत 6 करोड़ का प्रावधान की स्वीकृति दी। बिंदु क्रमांक 12 जीएल कोड क्रमांक 4105006000 अंतर्गत वाहन क्रेन ट्रेक्टर, ट्रॉली अन्य संशोधन लगाए जान बावत। उक्त प्रस्ताव को वापिस लिया। बिंदु क्रमांक 13 जीएल कोड क्रमांक 2308004 पृष्ठ क्रमांक 41 पर निजी एजेंसी द्वारा सफाई सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट संधारण कार्य पर संशोधन लगाए जाने बावत। उक्त प्रस्ताव को वापिस लिया। बिुदं क्रमांक 14 जीएल कोड क्रमांक 2601058 पृष्ठ 42 में स्वच्छ भारत मिशन सूचना संचार एवं स्वास्थ्य पर संशोधन बावत। उक्त प्रस्ताव को वापिस लिया। बिंदु क्रमांक 15 जीएल कोड क्रमांक 2502012 कार्यक्रम में आवारा पशुओं के वैक्सीनेशन एवं बधियाकरण बढ़ाए जाने बावत। उक्त प्रस्ताव में प्लस 50 लाख जोड़ने का प्रावधान के बाद नगर निगम आयुक्त चारों विधानसभा में व्यवस्था करें। बिंदु क्रमांक 16 जीए कोड 4123011015 एमपीएमएएम कोड 4123011 विशिष्ट योजनाओं से आस्तियां, वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (15वां वित्त आयोग) अंतर्गत संशोधन लागए जाने बावत। उक्त प्रस्ताव को अस्वीकार किया गया। बिंदु क्रमांक 17 जीए कोड 2101022000 पर चर्चा कर संशोधन किया जाने बावत। उक्त प्रस्ताव को वापिस लिया। बिंदु क्रमांक 18 जीएल कोड 4104060000 पर चर्चा कर संशोधन किये जाने बावत। उक्त प्रस्ताव को वापिस लिया। बिंदु क्रमांक 19 जीएल कोड 2303002 अंतर्गत परिचालन एवं अनुरक्षण व्यय भंडार का उपयोग जल शुद्धिकरण हेतु संशोधन लगाये जाने बावत। उक्त प्रस्ताव को वापिस लिया गया। बिंदु क्रमांक 20 बजट 2025-26 में संशोधन, सुझाव पृष्ठ क्रमांक 49 जनकार्य तथा सीवरेज विभाग जीएल कोड क्रमांक 4123031003 एमपीएम एएम कोड 4123031। उक्त प्रस्ताव में 75 लाख का प्रावधान स्वीकृत किया गया। बिंदु क्रमांक 25 बजट 2025-26 में संशोधन, सुझाव पृष्ठ क्रमांक 35 जीएल कोड क्रमांक 2305101000 एमपीएम एएम कोड 2305101। उक्त प्रस्ताव में 8 करोड़ का प्रावधान कर स्वीकृत किया गया। बिंदु क्रमांक पृष्ठ क्रमांक 52 सरल क्रमांक 20 जीएल कोड क्रमांक 4123011 शहर सौंदर्यीकरण लेफ्ट टर्न फ्री व्यय में संशोधन लगाये जाने बावत। उक्त प्रस्ताव को वापिस लिया गया। इसके उपरांत बजट पर चर्चा बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

(सफलता की कहानी)

रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 की मदद से श्री माधौ सिंह को मिले आर्टिफिशियल पैर

माधौ सिंह की चलने-फिरने की बाधा हुई दूर

मुरैना,कांस। रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 की मदद से ताजपुर निवासी श्री माधौ सिंह पुत्र मान सिंह के जीवन में बदलाव आया है। रोटरी मेडीकल मिशन से प्राप्त लाभ का गुणगान करना श्री माधौ सिंह नहीं भूलेंगे। जौरा विकासखण्ड के ग्राम ताजपुर निवासी माधौ सिंह बताते है कि मारवल का कार्य करने के लिये हैदराबाद गया था। काम करते समय पत्थरों का ढ़ेर उसके पैरो पर आ गिरा और उस दौरान दोनो पैर पूरी तरह से घायल हो गए थे। जब डॉक्टरों को दिखाया तो उन्होंने बताया कि एक पैर की नस में चोट आ चुकी है, दूसरे पैर में सरिया डलकर ही वह ठीक हो सकता है। यह सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। मुझे लगा की अब मेरी जिंदगी का शेष समय कैसे गुजरेगा। हैदराबाद मैं डॉक्टरों ने मेरा एक पैर काट दिया और दूसरे पैर में सरिया डाल दिया। मैं चल-फिर नहीं पा रहा था, मुझे राहत स्वास्थ्य शिविरों के बारे में पता चला कि मुरैना में राहत-2 का शिविर लग रहा है। मैंने भी आज पंजीयन कराया और डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मुझे कैलीपर्स (कृत्रिम पैर) लगा दिया। वह कहते है कि अब मुझे चलने फिरने में कोई तकलीफ़ नहीं है। मैं अब घूम फिर सकता हूँ। रोटरी के पदाधिकारी को धन्यवाद देता हूं।

रोटरी कैम्प में 6216 के हुये पंजीयन, 32 लोगों के हुये ऑपरेशन

मुरैना,कांस। रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत 26 मार्च को पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में 6 हजार 216 लोगों ने पंजीयन कराये। पंजीयन के दौरान चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर के डॉक्टरों ने लोगों का परीक्षण किया। 26 मार्च से 02 अप्रैल तक पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में संचालित किया जा रहा है। 26 मार्च को कैम्प में 6 हजार 216 लोगों ने पंजीयन कराये, जिनमें से जिला चिकित्सालय में 32 लोगों के निःशुल्क ऑपरेशन किये गये। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि ऑथों का 01, सर्जरी के 05, गायनिक 04, प्लास्टिक सर्जरी 03, इएनटी 02, डेंटल के 10 और कान के 07 लोगों के ऑपरेशन किये गये है।

बिजली कर्मचारियों द्वारा चलाया जा रहा है बसूली अभियान

झुण्डपुरा। विधुत वितरण कम्पनी सबलगढ़ उपकेंद्र झुण्डपुरा अन्तर्गत आने वाले घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं से बसूली अभियान चलाकर बकाया जमा कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार कस्बे के विधुत सब स्टेशन झुण्डपुरा अन्तर्गत आने वाले सभी गांव मजरों में विधुत बकाया बसूली अभियान चलाकर बिल राशि जमा कराई जा रही है सब स्टेशन झुण्डपुरा अन्तर्गत आने वाले बर्रेण्ड सिंगरोली कडावना सिगपुरा धोबीपुरा गुलाबपुरा पहारपुरा करजोनी भर्रा लाडपुरा रामचन्द्र का पुरा सहित कस्बे में बसूली अभियान चलाकर बकाया बिल राशि जमा कराई जा रही है। बकाया बिल राशि जमा न करने पर कलेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की जायेगी इसलिए परेशानी और कार्यवाही से बचने के लिए समय पर भुगतान जमा करने की अपील की है।

कार की टक्कर से युवक की मौत

मुरैना,कांस। अम्बाह थाना क्षेत्र के साडू पुरा के आगे आम रोड पर जा रहे सोमवीर पुत्र बेनीराम माहौर उम्र 20 को कार क्रमांक एमपी07 सीजे 6145 के चालक ने कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी बेनीराम माहौर की रिपोर्ट पर से आरोपी वाहन चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 106 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

ज़िला चिकित्सालय दतिया ने NQAS एवं MusQan असेसमेंट सफलतापूर्वक पूर्ण किया - स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता की ओर एक और कदम

दतिया। ज़िला चिकित्सालय दतिया ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (छफै) और डनेफंद असेसमेंट का तीन दिवसीय मूल्यांकन (24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक) सफलतापूर्वक पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह मूल्यांकन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एमओएचएफडब्लू द्वारा नियुक्त तीन सदस्यीय विशेषज्ञ टीम कृ डॉ. तरुण कुमार रवि, डॉ. संदीप लाठवाल, और डॉ. मनीष अग्रवाल द्वारा किया गया। चिकित्सालय के 19 प्रमुख विभागों और 8 एरिया ऑफ कंसर्न का विस्तार से निरीक्षण किया गया। इनमें आपातकालीन सेवा (इमरजेंसी), ओपीडी, पीडियाट्रिक ओपीडी, एनआरसी,सीएनसीयू, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, ब्लड बैंक, प्रसव कक्ष, मैटरनिटी वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर (ओटी), आईपीडी,फार्मेसी, सहायक सेवाएं, पीपीयू,सामान्य प्रशासन एवं मर्चूरी संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था, और रोगी देखभाल सेवाएं शामिल थीं। प्रत्येक विभाग का मूल्यांकन न केवल उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर किया गया, बल्कि मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा, मानव संसाधन प्रबंधन, स्वच्छता, और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी गहराई से परखा गया। सफल मूल्यांकन के बाद सिविल सर्जन डॉ. के. सी. राठौर हमारा लक्ष्य हमेशा मरीजों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। यह मूल्यांकन न केवल हमारी सेवाओं की गुणवत्ता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि दतिया जिला चिकित्सालय बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर माननीय कलेक्टर ने भी अस्पताल प्रशासन और सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि दतिया चिकित्सालय ने जिस प्रतिबद्धता और सेवा भावना के साथ कार्य किया है, वह प्रशंसा के योग्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के इस जोश और उत्साह को आगे भी बनाए रखा जाए, ताकि दतिया स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक मिसाल बन सके।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अक्षय तेम्रावाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमंत मंडेलिया ने अस्पताल के समस्त स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमें अपनी सेवाओं को लगातार और बेहतर बनाते रहना है, ताकि हर मरीज को दतिया चिकित्सालय में आने पर विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

असेसमेंट में कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई। डॉ. डी. एस. तोमर (आरएमओ), डॉ. राजेश पटेल (सहायक प्रबंधक), डॉ. मुदित पाठक (क्वालिटी नोडल अधिकारी), और सभी विभागों के नोडल एवं सह-नोडल अधिकारी इस अभियान के मूल स्तंभ रहे।

गुडी पडवा कालयुक्तनाम नवसंवत्सर 2082 के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्य कार्यक्रम गुडीपडवा कालयुक्तनाम नवसंवत्सर 2082 स्वागत महोत्सव दिनांक 30 मार्च को जलविहार में

ग्वालियर। गुडी पडवा कालयुक्तनाम नवसंवत्सर 2082 दिनांक 30 मार्च 2025 को मनाया जाएगा। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। आज रॉक्सी पुल पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुडी पडवा कालयुक्तनाम नवसंवत्सर 2082 दिनांक 30 मार्च को मनाया जाएगा। इससे सांस्कृतिक कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन सायं 6 बजे से आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें 27 मार्च को छत्री मंडी, 28 मार्च को जीवाजी चॉक बाडा पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकगीत, भरत नाट्यम, बालिकाओं द्वारा नृत्य, काव्य गोष्ठी, शास्त्रीय संगीत आदि आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 29 मार्च 2025 को पूर्व संध्या वर्तमान पिंगलनाम संवत्सर 2081 विदाई समारोह सायं 6:30 बजे से जलविहार स्थित मनाया जाएगा। इस अवसर पर ध्येय गीत, काव्य गोष्ठी, शास्त्रीय वादन, संगीत सरिता नवराग मंजरी, शास्त्रीय नृत्य, ओडिसी नृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। मुख्य कार्यक्रम गुडीपडवा कालयुक्तनाम नवसंवत्सर 2082 स्वागत महोत्सव दिनांक 30 मार्च को जलविहार पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मनाया जाएगा।

अमानक पॉलीथिन एवं गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है, जिसके तहत ग्वालियर पूर्व विधानसभा अंतर्गत स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 22 मुख्य बस स्टैंड पर गंदगी करने वालों पर जुर्माना कार्रवाई की गई। जिसमें दुकानदारों एवं ठेले वालों से अमानक पॉलिथीन जब्त कर 1000 रूपये और गंदगी करने वालों पर 3650 रूपये का जुर्माना वसूला गया। जिसमें उपस्थित फ्लाइंग स्क्वायड टीम के प्रभारी श्री करन टांक, जेडएचओ श्री राकेश करोसिया, डब्ल्यूएचओ श्री हेमराज आदि उपस्थित रहे।

दलित की मारपीट

मुरैना,कांस। जिले के पोरसा थाना क्षेत्र में एक दलित की मारपीट कर जातिय अपमान करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के धनेटा में निवास करने वाले फरियादी सुरेन्द्र पुत्र अयुद्धीराम माहौर अपने गौडा में था कि उसी समय पुरानी रंजिश के चलते गॉव के बबलू, करू, जिंदी, मुकेश समस्त जाति शर्मा ने पीडित को जाति सूचक गालिया देते हुए मारपीट कर जातिय अपमान कर दिया। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

विशेष विवाह के अंतर्गत जांच प्रतिवेदन भिजवाने के दिए निर्देष

दतिया। अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी श्री नीरज शर्मा ने आदेश जारी जिला विवाह अधिकारी जिला सुंदरगढ उडीसा, पुलिस अधीक्षक जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा, तहसीलदार भाण्डेर, थाना प्रभारी गोंदन को विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत विवाह के संबध में जांच प्रतिवेदन भिजवाने के निर्देश दिए है। आवेदकगण श्री शिवम शर्मा पुत्र श्री कैलाश शर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम नौगुवां तहसील भाण्डेर जिला दतिया एवं आरती तिवारी पुत्री श्री निर्मल तिवारी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट सोनापर्वत थाना टांगरपाली जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा द्वारा अपने साथ साक्षीगण की उपस्थिति में विवाह की सूचना देकर विवाह पंजीयन कराये जाने के संबंध में आवेदन दिया है। विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत पक्षकार के द्वारा प्रस्तुत उक्त विवाह आवेदन के संबध में 15 दिवस पूर्व आवेदन की अंर्तवस्तुस्थिति की जांच के साथ प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराऐं। विवाह संबधी दस्तावेजीय क्रियान्वयन की अवधि तीन कलेण्डर मास है। संबधित की ओर से 15 दिवस में प्रतिवेदन प्राप्त न होने पर यह माना जाए कि संबधित को इस संबध में कोई आपत्ति नहीं है। इस विवाह की प्रति सहमति है और यह मानते हुए प्रकरण में कार्यवाही की जावेगी। प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में विलंब न किया जावे तथा आवेदकगणों के संबध में जो भी रिपोर्ट हो उसे अविलम्ब उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

जिले में गरिमामय ढंग से मनेगा विक्रमोत्सव, गुड़ी पड़वा 30 मार्च को बाल भवन में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

सूर्य उपासना होगी और प्रमुख मंदिरों पर स्थापित होंगे ब्रम्हध्वज

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में भी विक्रमोत्सव-2025 भारतीय संस्कृति की गरिमा के अनुरूप मनाया जायेगा। विक्रमोत्सव आयोजन के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसार जिले में विक्रमोत्सव की गतिविधियां आयोजित की जायेंगीं। जिसके तहत गुड़ी पड़वा 30 मार्च को विक्रमोत्सव के उपलक्ष्य में सूर्य उपासना होगी। साथ ही जिले के प्रमुख मंदिरों एवं प्रमुख भवनों पर ब्रम्हध्वज फहराए जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले में सुव्यवस्थित व गरिमामय ढंग से विक्रमोत्सव की गतिविधियां आयोजित करने के लिये संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन ने बताया कि विक्रमोत्सव के तहत गुड़ी पड़वा 30 मार्च को प्रातः 10 बजे बाल भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाटक का मंचन होगा। साथ ही इस दिन शहर व जिलेभर में प्रमुख मंदिरों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किए जायेंगे।

दृष्टि नागोरिया का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

मुरैना,कांस। अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष श्री प्रेम सिह नागोरिया की बेटी दृष्टि नागोरिया का नवोदय के कक्षा 6 में चयन हो गया है। दृष्टि के जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर उसे उसके मित्रों, सहपाठी, माता-पिता एवं शुभ चिंतको ने बधाई दी है।

जिले में ओलंपियाड प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

दतिया। आज बुधवार को डाईट दतिया में जिला शिक्षा केन्द्र दतिया द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जिला स्तरीय ओलंपायर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा पदत्त निर्देशों के क्रम में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने से उनका संपूर्ण विकास होता है। उसके परिणाम स्वरूप आज जिले के होनहार बच्चों का सम्मान करते हुए प्रसन्नता हो रही है। इसी प्रकार सभी अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी एवं लगन से करें। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री यूएन मिश्रा एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री एमपी एस सेंगर द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए। कार्यक्रम में डाईट दतिया से श्री अनिल दुबे, श्री कर्ण सिंह परिहार एवं एपीसी श्री बृजमोहन' द्विवेदी सहित अन्य शिक्षकगण रहे।

पक्का आवास पाने से कोई न छूटे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

पीएम आवास योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने 31 मार्च तक पूर्ण करें सर्वे कार्य

मुख्यमंत्री ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को सफल बनाने समयबद्ध क्रियान्वयन के दिये निर्देश

भोपाल,ब्यूरो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय वर्ग के सभी हितग्राहियों को पक्का आवास प्रदान करें। कोई भी हितग्राही आवास पाने से वंचित न रहे। किन्हीं भी कारणों से आवास पाने से छूट गये पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना की पात्रतानुसार सबको पक्के घर की सौगात दी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अभियान के मैदानी क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को अभियान तहत गांव और हितग्राही चयन का काम पूरा कर तय कार्य योजना एवं मापदंडों के अनुसार लक्षित क्षेत्रों में विकास कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभियान जनजातीय समुदाय के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नवकरणीय ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव उर्जा श्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि शमी, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्री गुलशन बामरा, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, आयुक्त जनजातीय कार्य श्रीमन शुक्ल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान की अब तक की प्रारंभिक प्रगति एवं केन्द्र सरकार को अभियान के संदर्भ में भेजे गये विकास प्रस्तावों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने जनजातीय गांवों, बसाहटों, मजरों टोलों में ज़रूरत वाले विकास कार्यों में गति लाने ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया। केंद्र सरकार के इस अभियान से राज्य सरकार जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि जनजातीय वर्ग के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ हर हितग्राही तक पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय ग्रामों में टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाएं। गांव में मिट्टी का परीक्षण कर किसानों को बताया जाए कि उन्हें कौन सी फसल लगाना ज्यादा लाभदायक होगा। साथ ही टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय परिवारों के बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए शासकीय सहयोग से दुधारू गाय उपलब्ध कराई जाए। इससे जनजातीय वर्ग की माताओं और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय आबादी वाले 89 विकासखंडों में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए 31 मार्च 2025 तक सर्वे का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सबको पक्का आवास देने की मंशा से समर्पित होकर कार्य करें।

पारम्परिक उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग के लिए शुरू करें ई-कॉमर्स सुविधा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय ग्रामों में रहने वाले लोगों को पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और बैठक जैसे आयोजन के लिए गांव-गांव में सामुदायिक भवन उपलब्ध कराए जाएं। यहां होने वाले आयोजनों से जनजातीय संस्कृति समृद्ध रहेगी। उन्होंने जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश के चयनित 11 हजार 377 जनजातीय ग्रामों में रहने वाले लोगों द्वारा उगाई जाने वाली रागी, कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाज (मिलेट्स) की खरीदारी शासन स्तर पर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोटे अनाज के विक्रय के लिए प्रदेश में विशेष मंडियां शुरू की जाए जिससे गांव के लोगों को उनकी फसल का उचित दाम मिले और बिचौलियों का नेटवर्क खत्म हो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चम्बल क्षेत्र की पावन धरती पर हुआ आत्मीय स्वागत

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने की अगवानी

मुरैना,कासं.। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार को मुरैना आगमन पर 5वीं बटालियन हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर चम्बल क्षेत्र की पावन धरती पर अगवानी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने 5वीं बटालियन हेलीपेड पर उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, पूर्व मंत्री श्री रामनिवास रावत, श्री गिर्राज डंडोतिया, पूर्व विधायक श्री रघुराज सिंह कंषाना, श्री राकेश मावई, श्री परशुराम मुदगल, श्री सूबेदार रजौधा, श्री कमलेश सखवार, समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, चम्बल संभागायुक्त श्री मनोज खत्री, आईजी चम्बल श्री सुशांत सक्सेना, डीआईजी श्री कुमार सौरभ, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सहकारिता आंदोलन को आगामी 4 वर्ष में नए मुकाम पर पहुंचाएंगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल,ब्यूरो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार सर्वजनकल्याण के संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक पारदर्शितापूर्ण कार्य शैली के कारण अन्य क्षेत्रों के साथ सहकारी क्षेत्र में समृद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह ने सहकारिता का लाभ पहुंचाने के लिये बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय के भाव के अनुसार कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया है। मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में निश्चित ही नए दौर की नई कहानी लिखेगा। गुजरात में दूध पर बोनस की जिस तरह व्यवस्था है, मध्यप्रदेश भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन के लिए काफी बड़ा क्षेत्र है और हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी उद्योग क्षेत्र के साथ सहकारिता ने कार्य करने की पहल की है। मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन को गति दी जा रही है।

अब सहकारिता क्षेत्र में व्यवस्थाएं काफी पारदर्शी हैं और मध्यप्रदेश में सहकारिता के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। आने वाले चार वर्ष में सहकारिता आंदोलन को नए मुकाम पर पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को समन्वय भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में पधारे प्रदेश भर के प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने सहकारिता विभाग में नवनियुक्त सहकारी निरीक्षकों के नियुक्ति पत्र भी सौंपे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता विभाग के प्रयासों की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्यामशाह चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की

सुपर स्पेशलिटी विस्तार भवन, कैंसर यूनिट तथा डॉक्टर्स क्वार्टर्स के निर्माण कार्यों को गति दें : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

रीवा,कासं.। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन सुपर स्पेशलिटी विस्तार भवन, कैंसर यूनिट, तथा डॉक्टर्स क्वार्टर्स के निर्माण कार्य त्वरित गति से कराये तथा नियत समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरे करें। श्री शुक्ल ने महाविद्यालय के सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, संजय गांधी चिकित्सालय को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। नवीन आवश्यक भवनों के निर्माण के साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता तथा डॉक्टर्स एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के पदों की पूर्ति की जा रही है ताकि संभाग के किसी भी जिले के मरीज को इलाज के लिये बाहर न जाना पड़े और सभी प्रकार के रोगों का इलाज रीवा में हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कैंसर यूनिट के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि 20 करोड़ रूपये की लागत से कैंसर यूनिट का कार्य आगामी 6 माह में पूर्ण कर लिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना के साथ ही कैंसर के इलाज के लिये 200 विस्तर का अस्पताल भी बनाया जायेगा। उन्होंने 35 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी विस्तार भवन कार्य की जानकारी ली तथा कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने डॉक्टर्स के लिये 35 करोड़ रूपये से निर्माणाधीन पीअ8 आवासीय क्वार्टर्स की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्य में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में कार्य को पुन- समीक्षा करें तथा अपेक्षित प्रगति न होने पर एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाय। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों की सतत मानीटरिंग करें तथा प्रगति से अवगत करायें। उप मुख्यमंत्री ने बैठक के उपरांत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ. राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपरस्पेशलिटी अस्पताल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव सहित डॉक्टर्स व निर्माण के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया- उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में 100 वेड के विस्तार भवन तथा नवीन ओपीडी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने 10 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जाने वाले विस्तार भवन एवं दोनों भवनों को जोड़ने वाले कारीडोर का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने 8 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे ओपीडी भवन को शीघ्र लोकार्पित कराने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा सहित निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

स्वाथ्य कार्मिकों के भुगतान को लंबित न रखा जाए, कार्यक्षमता होती है प्रभावित

अलीगढ़,कासं.। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि सभी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज त्यागी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में जिला प्रदेश में 14वें स्थान पर है, वहीं एनसीडी स्क्रीनिंग में प्रदेश में दूसरा स्थान रखता है। डीएचएस की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भुगतान के सभी प्रकरण निस्तारित किया जाए। किसी भी कर्मचारी का मानदेय लंबित न रखा जाए। इससे कार्य क्षमता प्रभावित होती है। ग्राम स्वच्छता एवं पोषण समिति में खाता न खुलवाए जाने पर डीपीआरओ को डीएम-सीडीओ के गुस्से का कोप भाजन बनना पड़ा। सीडीओ ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि स्वास्थ्य एवं विकास के बिंदु पर बहाने बाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, यदि कहीं कोई व्यवधान या समस्या है तो अधिकारी तत्काल अवगत कराएं निराकरण किया जाएगा। डीएम ने सीएमओ एवं सीएमएस को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में पंजीकरण काउंटर पर मरीज पंजीकरण शुल्क के बारे में स्पष्ट निर्देश अंकित कर दिए जाएं। आशा स्वास्थ्य महकमे की महत्वपूर्ण कड़ी होती है, ग्राम प्रधानों के सहयोग से आशाओं के पदों को तत्काल भरने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य जांच के संबंध में जो भी उपकरण हैं उनके उचित रख-रखाव के साथ ही आवश्यकता के अनुरूप उपकरणों की तत्काल खरीद की जाए। बैठक में इनडोर पेशेंट, संस्थागत प्रसव और नियमित टीकाकरण की संख्या में कमी आने वाले एमओआईसी को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी आशाओं को प्रत्येक माह में 10 संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित टीकाकरण और संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में चंद दिन ही शेष है, सभी अधिकारी कर्मचारी नए वर्ष के लिए स्ट्रेटजी बनाएं और नए उत्साह एवं पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर लक्ष्य की पूर्ति के साथ जिले का नाम रोशन करें, जो भी धनराशि उपलब्ध है उसका समुचित सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए।

उज्जैन में राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव का शुभारंभ गुरूवार को

भोपाल,ब्यूरो। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव-2025 अंतर्गत राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव (विकास की बातङ्कविज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ) का शुभारंभ 27 मार्च 2025 को पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल, कालिदास अकादमी उज्जैन में प्रात- 11 बजे होगा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि विक्रमोत्सव अंतर्गत 27 मार्च से राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को तीन भागों में बांटा गया है। पहला है राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन, दूसरा है 40वां मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन और अंतिम है विज्ञान उत्सव। निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन की थीम 'विकास की बात विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ' पर आधारित है।

इसमें देशभर के 100 से अधिक शीर्ष वैज्ञानिक भागीदारी कर रहे है। सम्मेलन में वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक विज्ञान और भारतीय प्राचीन विज्ञान परंपरा पर विभिन्न सत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, खगोल विज्ञान, जीआईएस एंड रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग, कृषि एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी, स्टार्ट-अप, इनोवेशन एवं स्किल डेवलपमेंट, भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी विषयों पर परिचर्चा होगी। इसके अलावा विज्ञान चौपाल का आयोजन भी होगा। निदेशक ने बताया कि 40वां मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन अंतर्गत युवा शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन होगा। उत्कृष्ट शोध पत्रों को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं फेलोशिप प्रदान की जायेगी। विभिन्न विषयों में 30 से अधिक युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जिसमें प्रथम पुरस्कार 25 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 15 हजार रूपये प्रदान की जायेगी।

बेंगलुरु में निवेशकों संग मुख्यमंत्री की बैठक, छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति पर होगी चर्चा

रायपुर, कासं.। छत्तीसगढ़ को देश का नया औद्योगिक और निवेश हब बनाने के लिए बेंगलुरु में आज 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' सम्मेलन आयोजित हो रहा है। प्रतिष्ठित होटल ताज वेस्ट एंड में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय देश-विदेश के उद्योगपतियों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों और निवेशकों से संवाद करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, आईटी, टेक्सटाइल, फार्मा और मेडिकल डिवाइसेज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में करीब 300 से अधिक उद्योगपतियों के शामिल होने की संभावना है, जिनमें देश-विदेश की शीर्ष कंपनियों के प्रतिनिधि, स्टार्टअप संस्थापक और औद्योगिक संगठनों के अधिकारी शामिल हैं। *दोपहर बाद, देश के प्रमुख उद्योगपति मुख्यमंत्री को अपने निवेश प्रस्ताव सौंपेंगे और छत्तीसगढ़ में उद्योगों की स्थापना को लेकर विस्तार से चर्चा करेंगे।

नई औद्योगिक नीति 2024-30: निवेशकों के लिए बड़े अवसर

छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 निवेशकों के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन लेकर आई है। इस नीति के तहतः इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को राज्य में बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज दिए जा रहे हैं। आईटी और आईटीईएस सेक्टर के लिए नवा रायपुर को आईटी हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी कंपनियों के लिए प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जाएगा। टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नवा रायपुर और जांजगीर-चांपा में टेक्सटाइल पार्क विकसित किए जा रहे हैं। फार्मा और मेडिकल डिवाइसेज सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 141 एकड़ में फार्मा पार्क स्थापित किया जा रहा है। औद्योगिक निवेशकों को रियायती दरों पर भूमि, कर छूट, सस्ती बिजली और लॉजिस्टिक्स समर्थन जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

मुख्यमंत्री करेंगे निवेशकों से संवाद, गोलमेज बैठकें भी होंगी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोपहर 12:30 बजे निवेशकों को संबोधित करेंगे, जहां वे नई औद्योगिक नीति और छत्तीसगढ़ को एक स्टार्टअप एवं औद्योगिक हब बनाने की रणनीति पर प्रकाश डालेंगे। इसके बाद उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ गोलमेज चर्चा और बी2जी (बिजनेस-टू-गवर्नमेंट) मीटिंग्स आयोजित की जाएंगी।

छत्तीसगढ़ अपनी नई औद्योगिक नीति, बेहतरीन बुनियादी ढांचे और निवेश अनुकूल वातावरण के चलते तेजी से भारत का नया औद्योगिक केंद्र बनकर उभर रहा है। इस औद्योगिक सम्मेलन से न केवल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी नया बल मिलेगा। यह सम्मेलन 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार की एक ठोस पहल है। राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति निवेशकों को आकर्षक अवसर प्रदान कर रही है, जिससे छत्तीसगढ़ देश के औद्योगिक मानचित्र पर एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित 'जनता दर्शन' के दौरान विभिन्न जिलों से आए लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा.मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।